अर्थः—मैं व्याडि आदिकोंके नामलिङ्गानुशासन अथवा सिद्धातोंका संग्रह करके शब्दोंके क्रमानुसार कथन करनेसे सुशोभित ऐसे थोडे २ शब्दोंके वर्गोंसे अर्थात् पृथक्२ प्रकरणोंसे युक्त ऐसा शब्द और उनके लिंगोंका स्पष्ट रीतिसे बोध करनेवाला कोश, परिपूर्ण रीतिसे कहता हूँ ॥ २ ॥

---

१ धियं राति ददाति । 'रा दाने' अस्मात् क्विप् । धीरा ज्ञानप्रदो गुरुरित्यर्थः

भाषा—ज्ञानके देनेवाले गुरुको धीरा कहते हैं ।

इस ग्रंथमें लिंगादिव्यवस्था किस प्रकारसे की है वह कहते हैं:-

प्रायशो रूपभेदेन साहचर्याच्च कुत्रचित् । स्त्रीपुंनपुंसकं ज्ञेयं तद्विशेषविधेः क्वचित् ॥ ३ ॥

अन्वयः-अत्र, प्रायशः,रूपभेदेन, स्त्रीपुंनपुंसकं, ज्ञेयम्; च,कुत्रचित, साहचर्यात्, स्त्रीपुंनपुंसकं ज्ञेयम्; क्वचित्, तद्विशेषविधेः,स्त्रीपुंनपुंसकं,ज्ञेयम्॥३॥

अर्थ-इस ग्रंथमें बहुत करके ईप्' आप्, विसर्ग और अनुस्वार इनसे स्त्रीलिंग,पुंलिंग और नपुंसकलिंग जानना. जैसे-'पद्मालया' और 'पद्मा' यहां 'आप्' होनेसे 'पद्मालया' और 'पद्मा' यह स्त्रीलिङ्ग हैं'पिनाकोऽजगवं धनुः' यहां 'पिनाकः' यहांपर विसर्ग है इससे 'पिनाक' शब्द पुंलिंग है 'अजगवम्' यहांपर अनुस्वार होनेसे 'अजगव'शब्द नपुंसक है.कहींपर विशेषणमें स्थित अथवा सर्वनामवाचक शब्दमें स्थित रूपके भेदसे लिंगोंमें भेद होता है जैसा-'तत्परो हनुः'यहांपर'तत्परः'इस विशेषणका पुंलिंगरूप होनेसे उसका विशेष्यजो'हनु' शब्द है उसका भी पुंलिंगहीमें रूप चलता है तथा 'कुतूः कुतेः स्नेहपात्रं सैवाल्पा कुतुपः पुमान्'यहां 'सा' यह जो सर्वनामसंज्ञक शब्द है वह 'कुतू' शब्दका विशेषण है इससे'सा' इसका स्त्रीलिंग होनेसे उसका विशेष्य जो 'कुतू' शब्द है उसका भी स्त्रीलिंग है और निश्चित है लिंग जिसकाऐसा शब्द समीप उच्चारण करनेसे उसका जोलिं है वही लिंग उस समीप पढेहुए अनिश्चितलिंगवाले शब्दका जानना. जैसे 'अश्वयुगश्विनी' 'भानुःकरः' 'वियद्विष्णुपदम्'यहांपर'अश्वयुजू' 'भानु' और 'वियद्'इनअनिश्चितलिंगवाले शब्दोंके समीप निश्चित लिंगवाले 'अश्विनी' 'कर' और'विष्णुपद' ये शब्द होनेसे उनके जो लिंग हैं येही लिंग उन अनिश्चित लिंगवाले शब्दोंके जानने अर्थात 'अश्वयुजू' शब्दका स्त्रीलिंग 'भानु'-'शब्दका पुंलिंग और वियद्' शब्दका नपुंसक लिंग है इस प्रकारसे जानने और कहीं कहींपर उन स्त्री, पुम्, नपुंक इनके विशेषरीतिसे कथन करनेसे स्त्रीलिंग, पुंलिंग और नपुंसकलिंग जानना. जैसे'भेरी स्त्री दुन्दुभिः पुमान्' रोचिः शोचिरुभे क्लीबे' यहां पर भेरी शब्दके सपीप 'स्त्री' ऐसा विशेषरीतिसे कथन किया है इसवास्ते 'भेरी' यह शब्द स्त्रीलिंग है और 'दुन्दुभि' शब्दके समीप 'पुमान्' यह

कथन करनेसे 'दुन्दुभि' शब्द पुंलिंग है और 'रोचिस्' 'शोचिस्' शब्दोंके समीप 'उभे क्लीबे' अर्थात् दोनों भी नपुंसक यह विशेष कथन करनेसे 'रोचिस्' और 'शोचिस्' ये शब्द नपुंसकलिंग हैं इस प्रकारसे सर्वत्र जानना ॥ ३ ॥

भेदाख्यानाय न द्वन्द्वो नैकशेषो न संकरः । कृतोऽत्र भिन्नलिंगानामनुक्तानां क्रमादृते ॥ ४ ॥

अन्वयः—अत्र, अनुक्तानां, भिन्नलिंगानां, भेदाख्यानाय, द्वन्द्वः, न, कृत; एकशेषः, न, कृतः; क्रमात, ऋते, संकरः, न, कृतः ॥ ४ ॥

अर्थ—इस कोशमें अपने अपने पर्यायोंमें नहीं पढे हुए भिन्न २ लिंगवाले शब्दोंका लिंगभेद कहनेके अर्थ द्वन्द्व और एकशेष नहीं कियाहै जैसे-'देवता' शब्द स्त्रीलिंग है 'दैवत' शब्द नपुंसक-लिंग है और 'अमर' शब्द पुँलिंग है इन भिन्नभिन्न लिंगवाले 'देवता' 'दैवत' और 'अमर' शब्दोंका लिंगभेद कहनेके अर्थ 'देवतादैवतामराः' ऐसा द्वन्द्वसमास नहीं किया है. द्वन्द्वसमास किया जाय तो 'अमर' शब्दका पुंलिंग ही 'देवता' और 'दैवत' इनका होजायगा. कारण द्वन्द्व समासमें और तत्पुरुषमें परपदका ही लिंग होता है. वह यहांपर परपदलिंग जो 'अमर' शब्दका पुंलिंग है सो 'देवता' और 'दैवत' शब्दका नहीं होनेके वास्ते द्वन्द्व समास नहीं किया ऐसा सर्वत्र जानना. वैसे ही 'नभःखंश्रावणो नभाः' यहांपर 'अश्रावणौ तु नभसी' ऐसा 'नभसी' इसप्रकारका एकशेषभी नहीं किया, यदि 'नभाश्च नभश्च नभसी' ऐसा एकशेष करनेसे 'नभसी' यह नपुंसकलिंग शेष रहेगा फिर आकाशवाचक 'नभस्' शब्द नपुंसकलिंग होगा परन्तु श्रावणवाचक 'नभस्' शब्द पुंलिंग है ऐसा नहीं जाना जायगा, इस वास्ते 'खं नभः' और 'श्रावणो नभाः' ऐसा पृथक् २ 'नभस्' शब्द कहा है, लिंगभेद समझनेके लिये एकशेष 'नभसी' ऐसा नहीं किया, परन्तु समान लिंगोंका तो द्वन्द्वसमास किया ही है. जैसे-'स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः' 'पादा रश्म्यंघ्रितुर्यांशाः' यहां पर एक लिंगकेही सब शब्द हैं इसवास्ते उनका द्वन्द्वसमास किया है और जिन शब्दोंके पर्यायशब्द और लिंग स्वतंत्रतासे अन्य स्थलोंमें कहे हैं, उससे अन्यत्र जो उस भिन्नलिंग शब्दोंका किसी अर्थान्तरके अर्थ कथन करनेके लिये द्वन्द्वसमास

किया है जस—'विद्याधराप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्वकिन्नराः' 'मातापितरौ पितरौ' यहांपर 'अप्सरस्'शब्द अपने पर्यायोंमें 'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः स्वर्वेश्या उर्वशीमुखाः' यहांही स्त्रीलिंग है ऐसा कहा है. उसी 'अप्सरस्'शब्दको देवयोनिमें परिगणनरूप अर्थके लिये विद्याधर आदिक गणोंमें पठित किया है और 'विद्याधर' 'अप्सरस्' 'यक्ष' 'रक्षस्' 'गन्धर्व' 'किंनर' इन सबशब्दोंका द्वन्द्वसमास किया है, अब यहांपर यद्यपि सर्वशब्दोंका द्वन्द्वसमास होनेसे 'विद्याधराप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्वकिन्नराः' ऐसा पुँलिंगरूप बना है तौ भी 'अप्सरस्' शब्दका अन्यत्र 'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः' यहांपर कथन करनेके अनुसार स्त्रीलिंग ही है ऐसा समझना और 'मातापितरौ पितरौ' यहांपर 'पितरौ' इसमें 'मातृ' और 'पितृ' ऐसे दोनों शब्दोंका एकवद्भाव किया गया है इसमें 'मातृ' और 'पितृ' इनमेंसे 'पितृ' इसका शेष रहा है, इनसे 'पितृ' इस शब्दको 'मातृ' 'पितृ' इन दोनोंका वाचकत्व होनेसेभी उसके अन्तर्गत यद्यपि 'मातृ' यह शब्द है तथापि वह 'मातृ' शब्द 'जनयित्री प्रसूर्माता' इस स्थलमें पर्यायशब्दोंके साथ स्त्रीलिंग पठित है इसवास्ते उस 'पितरौ' इसके अन्तर्गत 'मातृ' शब्दका स्त्रीलिंग ही है ऐसा जानना । और इस कोशमें उन भिन्न भिन्न लिंगवाले शब्दोंका क्रम छोडके भिन्न२ लिंगवाले शब्दोंमें संकर कहिये मिश्रण नहीं किया है. जैसे—'स्तवः स्तोत्रं स्तुतिर्नुतिः' यहांपर 'स्तव' ऐसा पुलिंग कहा फिर 'स्तोत्रं' यह नपुंसकलिंग कहा फिर 'स्तुतिः' 'नुतिः' वे स्त्रीलिंग शब्द कहे हैं. 'स्तुतिःस्तोत्रःस्तवो नुतिः' ऐसा लिंगोंका मिश्रणरूप संकर नहीं किया है. ऐसाही 'जनुर्जननजन्मानि जनिरुत्पत्तिरुद्भवः' यहांपर 'जनुर्जननजन्मानि' ये नपुंसक शब्द कहे फिर 'जनिः' 'उत्पत्ति' ये स्त्रीलिंग शब्द कहे. फिर 'उद्भवः' यह पुलिंग शब्द कहा इस प्रकारसे सर्वत्र लिंगविषयमें जानना॥४॥

त्रिलिङ्ग्यां त्रिष्विति पदं मिथुने तु द्वयोरिति । निषिद्धलिंगं शेषार्थं त्वन्ताथादि न पूर्वभाक् ॥ ५ ॥

अन्वयः—त्रिलिङ्ग्याम्, त्रिषु, इति, पदम्, ज्ञेयम्; मिथुने, तु, द्वयोः, इति, पदम्, ज्ञेयम्; निषिद्धलिंगम्, शेषार्थम्,

ज्ञेयम्, त्वन्ताथादि, पूर्वभाक्, न, इति ज्ञेयम् ॥ ५ ॥

अर्थ—इस ग्रंथमें जहांपर कोई शब्द तीनों लिंगोंमें चलता हो वह 'त्रिषु' ऐसा पद कथन किया है सो जानना जैसे—'त्रिषु स्फुलिङ्गोऽग्निकण:' यहांपर 'स्फुलिङ्ग' शब्द तीनों लिङ्गोंमें चलता है इसवास्ते उस 'स्फुलिङ्ग' शब्दके समीप 'त्रिषु' यह पद कथन किया है. और जहांपर स्त्रीलिङ्ग और पुंलिङ्ग इन दोनों लिंगोंमें कोई शब्द चलता हो तो वहां 'द्वयो:' एसा पद कथन किया है सो जानना. जैसे-'द्वयोर्ज्वालकीलौ' यहांपर 'ज्वाल' और 'कील' ये दोनों शब्द पुंलिंग और स्त्रीलिंग हैं इसवास्ते 'द्वयो:' ऐसा कथन किया है 'द्वयो:' यह केवल द्विशब्दका उपलक्षण है, अर्थात किसी भी तरहसे द्वि—शब्दका जहांपर प्रयोग होगा वहां स्त्रीलिंग और पुंलिंग जानना. जैसे-'द्विहीनं प्रसवे सर्वम्' और 'द्वयहीने कुकुन्दरे' इत्यादिक स्थलमें द्वि शब्दसे स्त्रीलिंग और पुंलिंग ऐसा अर्थ करनेसे प्रसव—वाचक जितने शब्द हैं वे सर्व स्त्रीलिंग और पुंलिंगसे रहित हैं अर्थात् नपुंसकलिंग हैं और कुकुन्दर-शब्द द्वय-कहिये स्त्रीलिङ्ग और पुंलिंग इनसे रहित है अर्थात् नपुसक लिंग है ऐसा जानना. तथा जिस शब्दका जो लिंग निषिद्ध किया हो उसके अतिरिक्त बाकी रहा लिंग उस शब्दका जानना. जैसे 'वज्रमस्त्री' यहांपर 'वज्र' यह शब्द 'अस्त्री' कहिये स्त्रीलिंगनहीं है ऐसा इस 'वज्र' शब्दको स्त्रीलिंगत्वका निषेध होनेपर बाकी रहेपुलिङ्ग और नपुंसकलिंग इस 'वज्र' शब्दके हैं ऐसा जानना और जहां जिस शब्के पीछे 'तु' यह शब्द होवे तहां उसतुशब्दके प्रथम जो शब्द होवेउसका पर्यायवाचक शब्द केवल उस तुशब्दके पीछे पढा हुआ ही शब्द होता है उसे पहला शब्द उस 'तु' के पहले पठित किये शब्दका पर्यायवाचक शब्द नहीं होता है. जैसे—'नगरी त्वमरावती' यहांपर 'तु' यह जो शब्द पठन किया है इसके पूर्व पठित जो 'नगरी' शब्द है उसका पर्यायअर्थबोधक शब्द 'अमरावती' यह है इस तु—शब्दके कथन करनेसे 'नगरी' इसका संबंध 'अमरावती' इसमें होताहै उस 'नगरी' शब्दके प्रथम पठित 'इन्द्राणी' शब्दमें नहीं होता है यह 'तु' अन्तमें जिसके है ऐसे नामपदकी व्यवस्था कहीअबइसीहीप्रकारसे 'तु' जिसकेअन्तमें

है ऐसा लिंगवाचक पद सर्वनामसंज्ञक पद और अव्ययसंज्ञक पद इन पदों-का भी संबंध उस तु-शब्दके पीछे पढे हुए शब्दमें ही होताहै जैसे पुंसि-'त्वन्त-र्धिः' यहां'पुंसि'इस लिंगवाचक पदका 'अन्तर्धिः' इस पदमें संबंध हुआ और 'तस्य तु प्रिया' यहां 'तस्य' इस सर्व-नामसंज्ञक पदका तु-शब्दके पीछे पठित प्रिया-शब्दमें संबंध हुआ और 'वा तु पुंसि' यहांपर 'वा' इस अव्ययसंज्ञक पदका तु-शब्दके पीछे पठित 'पुंसि' इसमें संबंध हुआ. इस प्रकारसे सर्वत्र तु-शब्दके विषयमें जानना, और इस कोशमें जहांपर जिन शब्दोंके प्रथम 'अथ' यह शब्द होवे वहां उस अथ शब्दके पीछे पठित नामपद,लिंगपद, सर्वनामपद, और अव्ययपद इनका संबंध उस अथके प्रथम पठित शब्दोंमें नहीं होता है तो उन अथ-शब्दके पीछे पठित शब्दोंका सम्बन्ध अथ-शब्दके पीछे पठित शब्दोंमें ही होताहै जैसे-'जवोऽथ शीघ्रं त्वरितम्'यहांपर अथ-शब्दके पीछे पठित 'शीघ्र' इस नामपदका सम्बन्ध उस अथ-के प्रथम पठित जव-शब्दमें नहीं होता है किंतु अथ-शब्दके पीछे पठित 'शीघ्र' इस नामपदका संबंध उस अथ-शब्दके पीछे पठित 'त्वरितम्' 'लघु' 'क्षिप्रम्' 'अरम्' 'द्रुतम्' इन शब्दोंमें होता है ऐसेही-'शस्तं चाथ त्रिषु द्रव्ये'यहांपर अथ-शब्दके पीछे पठित 'त्रिषु' इस लिंगवाचक पदका द्रव्यवाचक पाप, पुण्य,सुख आदिक पदोंमें संबंध होता है. उस अथ-क प्रथम पठित 'शस्तं' इसमें संबंध नहीं होता है. अब जहां अथ-शब्दके बदलेमें कहीं कहीं अथो-शब्द कहा होय वहां भीइसी ही प्रकार-की व्यवस्था जाननी जैसे-'अनुक्रोशो-ऽथो हसः'यहांपर अथो इस शब्दके पीछे पठित 'हस' इस नामपदका संबंध उनके पीछे पठित 'हास' 'हास्य' इन शब्दोंमें होता है. उस अथो-शब्दके प्रथम पठित अनुक्रोश-शब्दमें नहीं होता है इस प्रकारसे व्यवस्था इस कोशमें करी है सो जिज्ञासु जनोंने जाननी ॥ ५ ॥

इति परिभाषा ।

स्वरव्ययं स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिद-शालयाः । सुरलोको द्योदिवौ द्वे स्त्रि-यां क्लीबे त्रिविष्टपम् ॥ ६ ॥

स्वर्गके नाम ९—स्वर् १ स्वर्ग २ नाक ३ त्रिदिव ४ त्रिदशालय ५ सुरलोक ६ द्यो ७ दिव् ८ त्रिविष्टप ९ ॥ ६ ॥

अमरा निर्जरा देवास्त्रिदशा विबुधाः सुराः । सुपर्वाणः सुमनसस्त्रिदिवेशा दिवौकसः ॥ ७ ॥ आदितेया दिविषदो लेखा अदितिनन्दनाः । आदित्या ऋभवोऽस्वप्ना अमर्त्या अमृतान्धसः ॥ ८ ॥ बर्हिर्मुखाः क्रतुभुजो गीर्वाणा दानवारयः । वृन्दारका दैवतानि पुंसि वा देवताः स्त्रियाम् ॥ ९ ॥

देवताओंके नाम २६—अमर १ निर्जर २ देव ३ त्रिदश ४ विबुध ५ सुर ६ सुपर्वन् ७ सुमनस् ८ त्रिदिवेश ९ दिवौकस् १० ॥ ७ ॥ आदितेय ११ दिविषद् १२ लेख १३ अदितिनन्दन १४ आदित्य १५ ऋभु १६ अस्वप्न १७ अमर्त्य १८ अमृतान्धस् १९ ॥ ८ ॥ बर्हिर्मुख २० क्रतुभुज् २१ गीर्वाण २२ दानवारि २३ वृदारक २४ दैवत २५ देवता २६ ॥ ९ ॥

आदित्यविश्ववसवस्तुषिताभास्वरानिलाः । महाराजिकसाध्याश्च रुद्राश्च गणदेवताः ॥ १० ॥

गणदेवताओंके नाम ९—आदित्य (बारह) १ विश्व (तेरह) २ वसु (आठ) ३ तुषित (छत्तिस) ४ आभास्वर (चौंसठ) ५ अनिल (उनञ्चास) ६ महाराजिक (दोसौ बीस) ७ साध्य (बारह) ८ रुद्र (ग्यारह) ९ ॥ १० ॥

विद्याधराप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्वकिन्नराः । पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनयः ॥ ११ ॥

देवताओंकी जातिके भेद १०—विद्याधर १ अप्सरस् २ यक्ष ३ रक्षस् ४ गंधर्व ५ किन्नर ६ पिशाच ७ गुह्यक ८ सिद्ध ९ भूत १० ॥ ११ ॥

असुरा दैत्यदैतेयदनुजेन्द्रारिदानवाः । शुक्रशिष्या दितिसुताः पूर्वदेवाः सुरद्विषः ॥ १२ ॥

दैत्योंके नाम १०—असुर १ दैत्य २ दैतेय ३ दनुज ४ इन्द्रारि ५ दानव ६ शुक्रशिष्य ७ दितिसुत ८ पूर्वदेव ९ सुरद्विष् १० ॥ १२ ॥

सर्वज्ञः सुगतो बुद्धो धर्म्मराजस्तथागतः । समन्तभद्रो भगवान्मारजिल्लोकजिज्जिनः ॥ १३ ॥ षडभिज्ञो दशबलोऽद्वयवादी विनायकः । मुनीन्द्रः श्रीघनः शास्ता मुनिः-

बुद्धके नाम १८-सर्वज्ञ १ सुगत २ बुद्ध ३ धर्मराज ४ तथागत ५ समन्तभद्र ६ भगवत् ७ मारजित् ८ लोकजित् ९ जिन १० ॥ १३ ॥ षडभिज्ञ ११ दशबल १२ अद्वयवादिन् १३ विनायक १४ मुनीन्द्र १५ श्रीघन १६ शास्तृ १७ मुनि १८ ॥

-शाक्यमुनिस्तु यः ॥ १४ ॥ स शाक्यसिंहः सर्वार्थसिद्धः शौद्धोदनिश्च सः । गौतमश्चार्कबन्धुश्च मायादेवीसुतश्च सः ॥ १५ ॥

शाक्यसिंहके नाम ७-शाक्यमुनि १ ॥ १४ ॥ शाक्यसिंह २ सर्वार्थसिद्ध ३ शौद्धोदनि ४ गौतम ५ अर्कबन्धु ६ मायादेवीसुत ७ ॥ १५ ॥

ब्रह्मात्मभूः सुरज्येष्ठः परमेष्ठी पितामहः । हिरण्यगर्भो लोकेशः स्वयंभूश्चतुराननः ॥ १६ ॥ धाताब्जयोनिर्द्रुहिणो विरिञ्चिः कमलासनः । स्रष्टा प्रजापतिर्वेधा विधाता विश्वसृड्विधिः ॥ १७ ॥

ब्रह्माजीके नाम २०-ब्रह्मन् १ आत्मभू २ सुरज्येष्ठ ३ परमेष्ठिन् ४ पितामह ५ हिरण्यगर्भ ६ लोकेश ७ स्वयम्भू ८ चतुरानन ९ ॥ १६ ॥ धातृ १० अब्जयोनि ११ द्रुहिण १२ विरिञ्चि १३ कमलासन १४ स्रष्टृ १५ प्रजापति १६ वेधस् १७ विधातृ १८ विश्वसृज् १९ विधि २० ॥ १७ ॥

विष्णुर्नारायणः कृष्णो वैकुण्ठो विष्टरश्रवाः । दामोदरो हृषीकेशः केशवो माधवः स्वभूः ॥ १८ ॥ दैत्यारिः पुण्डरीकाक्षो गोविन्दो गरुडध्वजः । पीताम्बरोऽच्युतः शार्ङ्गी विष्वक्सेनो जनार्दनः ॥ १९ ॥ उपेन्द्रइन्द्रावरजश्चक्रपाणिश्चतुर्भुजः । पद्मनाभो मधुरिपुर्वासुदेवस्त्रिविक्रमः ॥ २० ॥ देवकीनन्दनः शौरिः श्रीपतिः पुरुषोत्तमः । वनमाली बलिध्वंसी कंसारातिरधोक्षजः ॥ ॥ २१ ॥ विश्वम्भरः कैटभजिद्विधुः श्रीवत्सलाञ्छनः ।

विष्णुभगवान्के नाम ३९-विष्णु १ नारायण २ कृष्ण ३ वैकुण्ठ ४ विष्टरश्रवस् ५ दामोदर ६ हृषीकेश ७ केशव ८ माधव ९ स्वभू १० ॥ १८ ॥ दैत्यारि ११

पुण्डरीकाक्ष १२गोविन्द १३गरुडध्वज १४ पीतांबर १५अच्युत १६शार्ङ्गिन् १७ विष्वक्सेन १८जनार्दन १९॥१९॥ उपेन्द्र २०इन्द्रावरज २१चक्रपाणि २२ चतुर्भुज २३पद्मनाभ २४ मधुरिपु २५ वासुदेव २६ त्रिविक्रम २७॥ २० ॥ देवकीनन्दन २८शौरि २९श्रीपति ३० पुरुषोत्तम ३१वनमालिन् ३२ बलिध्वंसिन् ३३ कंसाराति ३४ अधोक्षज ३५ ॥२१॥ विश्वंभर ३६ कटभजित् ३७ विधु ३८ श्रीवत्सलाञ्छन ३९ ॥

वसुदेवोऽस्य जनकः स एवानकदुन्दुभिः ॥ २२ ॥

वसुदेवजीके नाम २—वसुदेव १ आनकदुन्दुभि २ ॥ २२ ॥

बलभद्रः प्रलम्बघ्नो बलदेवोऽच्युताग्रजः । रेवतीरमणो रामः कामपालो हलायुधः ॥ २३ ॥ नीलांबरो रौहिणेयस्तालांको मुसली हली । संकर्षणः सीरपाणिः कालिन्दीभेदनो बलः ॥ २४ ॥

बलदेवजीके नाम १७—बलभद्र १ प्रलम्बघ्न २ बलदेव ३ अच्युताग्रज ४ रेवतीरमण ५ राम ६ कामपाल ७ हलायुध ८॥ २३ ॥ नीलांबर ९ रौहिणेय १०तालांक ११मुसलिन् १२ हलिन् १३संकर्षण १४ सीरपाणि १५ कालिन्दीभेदन १६ बल १७ ॥२४॥

मदनो मन्मथो मारः प्रद्युम्नो मीनकेतनः । कन्दर्पो दर्पकोऽनंगः कामः पञ्चशरः स्मरः ॥ २५ ॥ शम्बरारिर्मनसिजः कुसुमेषुरनन्यजः। पुष्पधन्वा रतिपतिर्मकरध्वज आत्मभूः ॥२६॥ ब्रह्मसूर्ऋष्यकेतुः-

कामदेवक नाम २१—मदन १ मन्मथ २ मार ३ प्रद्युम्न ४ मीनकेतन ५ कन्दर्प ६ दर्पक ७ अनंग ८ काम ९पञ्चशर १० स्मर ११ ॥ २५ ॥ शम्बरारि १२ मनसिज १३ कुसुमेषु १४ अनन्यज १५ पुष्पधन्वन् १६ रतिपति १७ मकरध्वज १८ आत्मभू १९ ॥ २६ ॥ ब्रह्मसू २० ऋष्यकेतु २१

—स्यादनिरुद्ध उषापतिः ।

अनिरुद्धके नाम २—अनिरुद्ध १ उषापति २ ॥

लक्ष्मीः पद्मालया पद्मा कमला श्रीर्हरिप्रिया ॥ २७ ॥

लक्ष्मीजीके नाम ६—लक्ष्मी १ पद्मालया २ पद्मा ३ कमला ४ श्री ५ हरिप्रिया ६ ॥ २७ ॥

शंखो लक्ष्मीपतेः पाञ्चजन्य-

विष्णुभगवान्के शंखका नाम १-- पाञ्चजन्य १ ॥

—श्चक्रं सुदर्शनम् ।

विष्णुभगवान्के चक्रका नाम १- सुदर्शन १ ॥

कौमोदकी गदा-

विष्णुभगवान्की गदाका नाम १—कौमोदकी १ ॥

--खड्गो नन्दकः--

विष्णुके खड्गका नाम१—नन्दक१॥

—कौस्तुभो मणिः ॥ २८ ॥

विष्णुकी मणिका नाम १—कौस्तुभ १ ॥ २८ ॥

गरुत्मान्गरुडस्तार्क्ष्यो वैनतेयः खगेश्वरः । नागान्तको विष्णुरथः सुपर्णः पन्नगाशनः ॥ २९ ॥

गरुडजीके नाम ९—गरुत्मत् १ गरुड २ तार्क्ष्य ३ वैनतेय४खगेश्वर ५ नागान्तक ६ विष्णुरथ ७ सुपर्ण ८ पन्नगाशन ९॥ २९ ॥

शम्भुरीशः पशुपतिः शिवः शूली महेश्वरः । ईश्वरः शर्व ईशानः शङ्करश्चन्द्रशेखरः ॥ ३० ॥ भूतेशः खण्डपरशुर्गिरीशो गिरिशो मृडः । मृत्युञ्जयः कृत्तिवासाः पिनाकी प्रमथाधिपः ॥ ३१ ॥ उग्रः कपर्दी श्रीकण्ठः शितिकण्ठः कपालभृत् । वामदेवो महादेवो विरूपाक्षस्त्रिलोचनः ॥ ३२ ॥ कृशानुरेताः सर्वज्ञो धूर्जटिर्नीललोहितः । हरः स्मरहरो भर्गस्त्र्यम्बकस्त्रिपुरान्तकः ॥ ३३ ॥ गङ्गाधरोऽन्धकरिपुः क्रतुध्वंसी वृषध्वजः ॥ व्योमकेशो भवो भीमः स्थाणू रुद्र उमापतिः ॥ ३४ ॥

शिवजीके नाम ४८ —शम्भु१ ईश २ पशुपति ३ शिव ४ शूलिन्५ महेश्वर ६ ईश्वर ७ शर्व ८ ईशान ९ शंकर १० चन्द्रशेखर ११ ॥ ३० ॥ भूतेश १२ खण्डपरशु १३ गिरीश १४ गिरिश १५ मृड १६ मृत्युञ्जय १७ कृत्तिवासस् १८ पिनाकिन् १९ प्रमथाधिप २० ॥ ३१ ॥ उग्र २१ कपर्दिन् २२ श्रीकण्ठ २३ शितिकण्ठ २४ कपालभृत् २५ वामदेव २६ महादेव २७ विरूपाक्ष-२८ त्रिलोचन २९ ॥ ३२ ॥ कृशानुरेतस् ३०सर्वज्ञ ३१ धूर्जटि ३२ नीललोहित ३३ हर ३४स्मरहर३५ भर्ग ३६ त्र्यम्बक३७ त्रिपुरान्तक ३८ ॥ ३३ ॥गंगाधर ३९

अन्धकरिपु ४० क्रतुध्वंसिन् ४१ वृषध्वज ४२ व्योमकेश ४३ भव ४४ भीम ४५ स्थाणु ४६ रुद्र ४७ उमापति ४८ ॥ ३४ ॥

कपर्दोऽस्य जटाजूटः—

शिवजीके जटाजूटका नाम १-कपर्द १ ॥

—पिनाकोऽजगवं धनुः ।

शिवजीके धनुषके नाम २—पिनाक १ अजगव २ ॥

प्रमथाः स्युः पारिषदा--

शिवजीके-पार्षदोंके नाम ३—प्रमथ १ पारिषद २ ॥

ब्राह्मीत्याद्यास्तु मातरः ॥ ३५॥

"ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा । वाराही च तथेन्द्राणी चामुण्डा सप्त मातरः ॥"

ब्राह्मी आदि शक्तियोंके नाम—ब्राह्मी १ माहेश्वरी२ कौमारी३ वैष्णवी ४ वाराही ५ इन्द्राणी ६ चामुण्डा ७ ॥ ३५ ॥

विभूतिर्भूतिरैश्वर्य--

ऐश्वर्यके नाम ३—विभूति १ भूति २ ऐश्वर्य ३ ॥

--मणिमादिकमष्टधा ।

"अणिमा महिमा चैव गरिमा लघिमा तथा । प्राप्तिः प्राकाम्यमीशित्वं वशित्वं चाष्टसिद्धयः॥"

ऐश्वर्यके भेद ८—अणिमन् १महिमन् २ गरिमन् ३ लघिमन् ४ प्राप्ति ५ प्राकाम्य ६ ईशित्व ७ वशित्व८ ॥

उमा कात्यायनी गौरी काली हैमवतीश्वरी ॥ ३६ ॥ शिवा भवानी रुद्राणी शर्वाणी सर्वमङ्गला । अपर्णा पार्वती दुर्गा मृडानी चण्डिकाम्बिका ॥ ३७ ॥

"आर्या दाक्षायणी चैव गिरिजा मेनकात्मजा ॥"

पार्वतीके नाम २१—उमा १ कात्यायनी २ गौरी ३ काली ४ हैमवती ५ ईश्वरी ६ ॥ ३६ ॥ शिवा ७ भवानी ८ रुद्राणी ९ शर्वाणी १० सर्वमंगला ११ अपर्णा १२ पार्वती १३ दुर्गा १४ मृडानी १५ चण्डिका १६ अम्बिका १७ ॥ ३७ ॥ आर्या १८ दाक्षायणी १९ गिरिजा २० मेनकात्मजा २१ ॥

विनायको विघ्नराजद्वैमातुरगणाधिपाः । अप्येकदन्तहेरम्बलम्बोदरगजाननाः ॥ ३८ ॥

गणेशके नाम८—विनायक १विघ्नराज २ द्वैमातुर ३ गणाधिप४ एकदन्त ५ हेरम्ब ६ लम्बोदर७ गजानन८॥ ३८॥

कार्त्तिकेयो महासेनः शरजन्मा षडाननः । पार्वतीनन्दनः स्कन्दः सेनानीरग्निभूर्गुहः ॥ ३९ ॥ बाहुलेयस्तारकजिद्विशाखः शिखिवाहनः । षाण्मातुरः शक्तिधरः कुमारः क्रौञ्चदारणः ॥ ४० ॥

स्वामिकार्त्तिकेयक नाम १७-कार्त्तिकेय १ महासेन २ शरजन्मन् ३ षडानन ४ पार्वतीनन्दन ५ स्कन्द ६ सेनानी ७ अग्निभू ८ गुह ९॥३९॥ बाहुलेय १० तारकजित् ११ विशाख १२ शिखिवाहन १३ षाण्मातुर १४ शक्तिधर १५ कुमार १६ क्रौञ्चदारण १७ ॥ ४० ॥

इन्द्रो मरुत्वान् मघवा बिडौजाः पाकशासनः । वृद्धश्रवाः शुनासीरः पुरुहूतः पुरंदरः॥४१॥जिष्णुर्लेखर्षभः शक्रः शतमन्युर्दिवस्पतिः । सुत्रामा गोत्रभिद्वज्री वासवो वृत्रहा वृषा ॥ ४२ ॥ वास्तोष्पतिः सुरपतिर्बलारातिः शचीपतिः । जम्भभेदी हरिहयः स्वाराण्नमुचिसूदनः॥४३॥संक्रन्दनो दुश्च्यवनस्तुराषाण्मेघवाहनः । आखण्डलः सहस्राक्ष ऋभुक्षा--

इन्द्रक नाम ३५-इन्द्र १ मरुत्वत २ मघवन् ३ बिडौजस् ४ पाकशासन ५ वृद्धश्रवस् ६ शुनासीर ७ पुरुहूत ८ पुरन्दर ९ ॥ ४१ ॥ जिष्णु १० लेखर्षभ ११ शक्र १२ शतमन्यु १३ दिवस्पति १४ सुत्रामन् १५ गोत्रभिद् १६ वज्रिन् १७ वासव १८ वृत्रहन् १९ वृषन् २० ॥ ४२ ॥ वास्तोष्पति २१ सुरपति २२ बलाराति २३ शचीपति २४ जम्भभेदिन् २५ हरिहय २६ स्वाराज् २७ नमुचिसूदन २८ ॥ ४३ ॥ संक्रन्दन २९ दुश्च्यवन ३० तुराषाह् ३१ मेघवाहन ३२ आखण्डल ३३ सहस्राक्ष ३४ ऋभुक्षिन् ३५ ॥

--स्तस्य तु प्रिया ॥ ४४ ॥ पुलोमजा शचीन्द्राणी-

इन्द्राणीके नाम ३-॥४४॥ पुलोमजा १ शची २ इन्द्राणी ३ ॥

-नगरी त्वमरावती ।

इन्द्रपुरीका नाम १--अमरावती १॥

हय उच्चैःश्रवाः--

इन्द्रके घोडेका नाम १--उच्चैःश्रवस् १॥

-सूतो मातलि-

इन्द्रके सारथिका नाम १--मातलि १ ॥

-र्नन्दनं वनम् ॥ ४५ ॥

इन्द्रके बगीचेका नाम १--नन्दन १ ॥ ४५ ॥

स्यात्प्रासादो वैजयन्तो-
इन्द्रके घरहरेका नाम १-वैजयन्त १ ॥
-जयन्तः पाकशासनिः ।
इन्द्रके पुत्रके नाम २-जयन्त १ पाकशासनि २ ॥
ऐरावतोऽभ्रमातङ्गैरावणाभ्रमुवल्लभाः ॥ ४६ ॥
इन्द्रके हाथीके नाम ४-ऐरावत १ अभ्रमातंग २ ऐरावण ३ अभ्रमुवल्लभ ४ ॥ ४६ ॥
ह्रादिनी वज्रमस्त्री स्यात्कुलिशं भिदुरं पविः । शतकोटिः स्वरुः, शम्बो दम्भोलिरशनिर्द्वयोः ॥ ४७ ॥
वज्रके नाम १०-ह्रादिनी १ वज्र २ कुलिश ३ भिदुर ४ पवि ५ शतकोटि ६ स्वरु ७ शम्ब ८ दम्भोलि९ अशनि १० ॥ ४७ ॥
व्योमयानं विमानोऽस्त्री-
विमानके नाम२-व्योमयान १ विमान २ ॥
-नारदाद्याः सुरर्षयः ।
सुरर्षियोंके नाम-नारद आदि ॥
स्यात्सुधर्मा देवसभा-
देवसभाके नाम २ - सुधर्मा १ देवसभा २ ॥
-पीयूषममृतं सुधा ॥ ४८ ॥
अमृतके नाम ३-पीयूष १ अमृत २ सुधा ३ ॥ ४८ ॥

मन्दाकिनी वियद्गङ्गा स्वर्णदी सुरदीर्घिका ।
स्वर्गगंगाके नाम ४-मन्दाकिनी १ वियद्गंगा २ स्वर्णदी ३ सुरदीर्घिका ४ ॥
मेरुः सुमेरुर्हेमाद्री रत्नसानुः सुरालयः ॥ ४९ ॥
सुमेरुपर्वतके नाम५-मेरु१सुमेरु२ हेमाद्रि३रत्नसानु४सुरालय ५ ॥४९॥
पञ्चैते देवतरवो मन्दारः पारिजातकः । संतानः कल्पवृक्षश्च पुंसि वा हरिचन्दनम् ॥ ५० ॥
देववृक्षोंके नाम ५-मन्दार १ पारिजातक २ सन्तान ३ कल्पवृक्ष४ हरिचन्दन ५ ॥ ५० ॥
सनत्कुमारो वैधात्रः-
सनत्कुमारके नाम २-सनत्कुमार १ वैधात्र २ ॥
-स्वर्वैद्यावश्विनीसुतौ । नासत्यावश्विनौ दस्रावाश्विनेयौ च तावुभौ ॥ ५१ ॥
अश्विनीकुमारके नाम ६-स्वर्वैद्य १ अश्विनीसुत २ नासत्य ३ अश्विन् ४ दस्र ५ आश्विनेय ६ ॥ ५१ ॥
स्त्रियां बहुष्वप्सरसः स्वर्वेश्या उर्वशीमुखाः ।

अप्सराओंके नाम २-अप्सरस १ स्वर्वेश्या २ ॥ वे उर्वशी आदिक अप्सरायें हैं ॥

हाहाहूहूश्चैवमाद्या गन्धर्वास्त्रिदिवौकसाम् ॥ ५२ ॥

गन्धर्वोंके नाम २-हाहा १ हूहू २ आदि देवोंके गवैये हैं ॥ ५२ ॥

अग्निर्वैश्वानरो वह्निर्वीतिहोत्रो धनञ्जयः । कृपीटयोनिर्ज्वलनो जातवेदास्तनूनपात् ॥ ५३ ॥ बर्हिःशुष्मा कृष्णवर्त्मा शोचिष्केश उषर्बुधः । आश्रयाशो बृहद्भानुः कृशानुः पावकोऽनलः ॥ ५४ ॥ लोहिताश्वो वायुसखः शिखावानाशुशुक्षणिः । हिरण्यरेता हुतभुग्दहनो हव्यवाहनः ॥ ५५ ॥ सप्तार्चिर्दमुनाः शुक्रश्चित्रभानुर्विभावसुः। शुचिरप्पित्त-

अग्निके नाम ३४-अग्नि १ वैश्वानर २ वह्नि ३ वीतिहोत्र ४ धनञ्जय ५ कृपीटयोनि ६ ज्वलन ७ जातवेदस् ८ तनूनपात् ९ ॥ ५३ ॥ बर्हिः-शुष्मन् ११ कृष्णवर्त्मन् १२ शोचिष्केश १३ उषर्बुध १४ आश्रयाश १५ बृहद्भानु १६ कृशानु १७ पावक १८ अनल १९ ॥ ५४ ॥ रो (लो) हिताश्व २० वायुसख २१ शिखावत् २२ आशुशुक्षणि २३ हिरण्यरेतस् २४ हुतभुज् २५ दहन २६ हव्यवाहन २७ ॥ ५५ ॥ सप्तार्चिस् २८ दमुनस् २९ शुक्र ३० चित्रभानु ३१ विभावसु ३२ शुचि ३३ अप्पित्त ३४

-मौर्वस्तु वाडवो वडवानलः ५६

वडवानलके नाम ३-और्व १ वाडव २ वडवानल ३ ॥ ५६ ॥

वह्नेर्द्वयोर्ज्वालकीलावार्चिर्हेतिः शिखा स्त्रियाम् ।

अग्निकी ज्वालाके नाम ५-ज्वाल १ कील २ अर्चिस् ३ हेति ४ शिखा ५ ॥

त्रिषु स्फुलिंगोऽग्निकणः-

चिनगारीके नाम २-स्फुलिंग १ अग्निकण २ ॥

-संतापः संज्वरः समौ ॥ ५७ ॥

संतापके नाम २-सन्ताप १ सञ्ज्वर २ ॥ ५७ ॥

धर्मराजः पितृपतिः समवर्ती परेतराट् । कृतान्तो यमुनाभ्राता शमनो यमराडयमः ॥ ५८ ॥ कालो दण्डधरः श्राद्धदेवो वैवस्वतोऽन्तकः ।

यमराजके नाम १४—धर्मराज १ पितृपति २ समवर्तिन् ३ परेतराजू ४ कृतान्त ५ यमुनाभ्रातृ ६ शमन ७ यमराजू ८ यम ९॥५८॥ काल १० दण्डधर ११ श्राद्धदेव १२ वैवस्वत १३ अन्तक १४ ॥

राक्षसः कौणपः क्रव्यात् क्रव्यादोऽस्रप आशरः ॥ ५९ ॥ रात्रिंचरो रात्रिचरः कर्बुरो निकषात्मजः । यातुधानः पुण्यजनो नैर्ऋतो यातुरक्षसी ॥ ६० ॥

राक्षसोंके नाम १५—राक्षस १ कौणप २ क्रव्याद् ३ क्रव्याद ४ अस्रप ५ आशर ६॥५९॥ रात्रिञ्चर ७ रात्रिचर ८ कर्बुर ९ निकषात्मज १० यातुधान ११ पुण्यजन १२ नैर्ऋत १३ यातु १४ रक्षस् १५ ॥ ६० ॥

प्रचेता वरुणः पाशी यादसांपतिरप्पतिः ।

वरुणके नाम ५—प्रचेतस् १ वरुण २ पाशिन् ३ यादसाम्पति ४ अप्पति ५॥

श्वसनः स्पर्शनो वायुर्मातरिश्वा सदागतिः ॥ ६१ ॥ पृषदश्वो गन्धवहो गन्धवाहानिलाशुगाः । समीरमारुतमरुज्जगत्प्राणसमीरणाः ॥ ६२ ॥ नभस्वद्वातपवनपवमानप्रभञ्जनाः ॥

वायुके नाम २०—श्वसन १ स्पर्शन २ वायु ३ मातरिश्वन् ४ सदागति ५॥६१॥ पृषदश्व ६ गन्धवह ७ गन्धवाह ८ अनिल ९ आशुग १० समीर ११ मारुत १२ मरुत् १३ जगत्प्राण १४ समीरण १५ ॥ ६२॥ नभस्वत् १६ वात १७ पवन १८ पवमान १९ प्रभञ्जन २० ॥

प्राणोऽपानः समानश्चोदानव्यानौ च वायवः ॥ ६३ ॥

शरीरस्था इमे—

हृदयके वायुका नाम १—प्राण १॥
गुदाके वायुका नाम १—अपान १॥
नाभिके वायुका नाम १—समान १॥
कण्ठके वायुका नाम १—उदान १॥
सब शरीरमें फिरनेवाले वायुका नाम १—व्यान १ ॥ ६३ ॥

—रंहस्तरसी तु रयः स्यदः । जवो—

वेगके नाम ५—रंहस् १ तरस् २ रय ३ स्यद ४ जव ५ ॥

—ऽथ शीघ्रं त्वरितं लघु क्षिप्रमरं द्रुतम् ॥ ६४ ॥ सत्वरं चपलं तूर्णमविलम्बितमाशु च ।

शीघ्रताके नाम ११—शीघ्र १ त्वरित २ लघु ३ क्षिप्र ४ अर ५ द्रुत ६ ॥ ६४ ॥ सत्वर ७ चपल ८ तूर्ण ९ अविलंबित १० आशु ११ ।

सततानारताश्रान्तसंततताविरतानिशम् ॥ ६५ ॥ नित्यानवरताजस्रमप्य-

निरन्तरके नाम९—सतत १ अनारत २ अश्रान्त३ सन्तत ४ अविरत५ अनिश ६ ॥६५॥नित्य ७ अनवरत८ अजस्र ॥ ९ ॥

—थातिशयो भरः ।

अतिवेलभृशात्यर्थातिमात्रोद्गाढनिर्भरम् ॥ ६६ ॥ तीव्रैकान्तानितान्तानि गाढबाढदृढानि च ।

वारम्वारके नाम १४—अतिशय१ भर २ अतिवेल ३ भृश ४ अत्यर्थ ५ अतिमात्र ६ उद्गाढ७निर्भर ८॥६६॥ तीव्र ९ एकान्त १० नितान्त ११ गाढ १२ बाढ १३ दृढ १४ ॥

क्लीबे शीघ्राद्यसत्त्वे स्यात्त्रिष्वेषां सत्त्वगामि यत् ॥ ६७ ॥

अद्रव्यवाची शीघ्र आदि शब्द नपुंसक लिंगमें होते हैं और द्रव्यवाची तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ ६७ ॥

कुबेरस्त्र्यम्बकसखो यक्षराड् गुह्यकेश्वरः । मनुष्यधर्मा धनदो राजराजो धनाधिपः ॥ ६८ ॥ किन्नरेशो वैश्रवणः पौलस्त्यो नरवाहनः । यक्षैकपिङ्गैलविलश्रीदपुण्यजनेश्वराः ॥ ६९ ॥

कुबेरके नाम १७—कुबेर १त्र्यंबकसख२यक्षराज्३ गुह्यकेश्वर ४मनुष्यधर्मन् ५ धनद ६ राजराज ७धनाधिप ८॥६८॥ किन्नरेश ९ वैश्रवण १० पौलस्त्य ११ नरवाहन १२ यक्ष १३ एकपिंग १४ ऐलविल १५ श्रीद १६ पुण्यजनेश्वर १७ ॥ ६९ ॥

अस्योद्यानं चैत्ररथम्—

कुबेरके बगीचेका नाम १—चैत्ररथ॥

—पुत्रस्तु नलकूबरः ।

कुबेरके पुत्रका नाम १—नलकूबर १।

कैलासस्थान—

कुबेरके स्थानका नाम १—कैलास१ ।

—मलका पू—

कुबेरकी पुरीका नाम १—अलका१।

—विमानं तु पुष्पकम् ॥ ७० ॥

कुबेरके विमानका नाम १—पुष्पक १ ॥ ७० ॥

स्यात्किन्नरः किम्पुरुषस्तुरङ्गवदनो मयुः ।

किन्नरोंके नाम ४–किन्नर १ किम्पुरुष २ तुरंगवदन ३ मयु ४ ॥

निधिर्नौ शेवधि–

खजानेके नाम २–निधि १ शेवधि २ ॥

–भेदाः पद्मशङ्खादयो निधेः॥७१॥

खजानेके भेद–पद्म, शङ्ख इत्यादि ॥ ७१ ॥

इति स्वर्गवर्गः ॥ १ ॥

अथ व्योमवर्गः २.

द्योदिवौ द्वे स्त्रियामभ्रं व्योम पुष्करमम्बरम् । नभोऽन्तरिक्षं गगनमनन्तं सुरवर्त्म खम् ॥ १ ॥ वियद्विष्णुपदं वा तु पुंस्याकाशविहायसी । विहायसोऽपि नाकोऽपि द्युरपि स्यात्तदव्ययम् ॥ २ ॥

आकाशके नाम १९–द्यो १ दिव् २ अभ्र ३ व्योमन् ४ पुष्कर ५ अम्बर ६ नभस् ७ अन्तरिक्ष ८ गगन ९ अनंत १० सुरवर्त्मन् ११ ख १२ ॥ १ ॥ वियत् १३ विष्णुपद १४ आकाश १५ विहायस् १६ विहायस १७ नाक १८ द्युस् १९ ॥ २ ॥

इति व्योमवर्गः ॥ २ ॥

अथ दिग्वर्गः ३.

दिशस्तु ककुभः काष्ठा आशाश्च हरितश्च ताः ।

दिशाओंके नाम ५–दिश् १ ककुभ् २ काष्ठा ३ आशा ४ हरित् ५।

प्राच्यवाचीप्रतीच्यस्ताः पूर्वदक्षिणपश्चिमाः ॥ १ ॥ उत्तरा दिगुदीची स्याद्–

पूर्व दिशाका नाम १–प्राची १ । दक्षिण दिशाका नाम १–अवाची १। पश्चिमदिशाका नाम १–प्रतीची १।१। उत्तरदिशाका नाम १–उदीची १ ।

–दिश्यं तु त्रिषु दिग्भवे ।

दिशोत्पन्नवस्तुका नाम १–दिश्य १।

इन्द्रो वह्निः पितृपतिर्नैर्ऋतो वरुणो मरुत् ॥ २ ॥ कुबेर ईशः पतयः पूर्वादीनां दिशां क्रमात् ॥

पूर्व दिशाके स्वामीका नाम–इन्द्र १ । अग्निकोणके स्वामीका नाम–वह्नि १ । दक्षिणदिशाके स्वामीका नाम–यमराज १ । नैर्ऋत्य कोणके स्वामीका

१ पद्मोऽस्त्रियां महापद्मः शङ्खो मकरकच्छपौ । मुकुन्दकुंदनीलाश्च खर्वश्च निधयो नव ॥ इति शब्दार्णवः ॥ भाषापद्म १ महापद्म २ शंख ३ मकर ४ कच्छप ५ मुकुन्द ६ कुन्द ७ नील ८ खर्व ९ यह नौ खजानेके भेद हैं ।

नाम—नैर्ऋत १ । पश्चिमदिशाके स्वामीका नाम—वरुण १ । वायुकोणके स्वामीका नाम—पवन १ ॥२॥ उत्तर दिशाके स्वामीका नाम—कुबेर १ । ईशान कोणके स्वामीका नाम—ईश १ ॥

ऐरावतः पुण्डरीको वामनः कुमुदोऽञ्जनः ॥ ३ ॥ पुष्पदन्तः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजाः ।

पूर्व दिशाके हस्तीका नाम—ऐरावत १ । अग्निकोणके हस्तीका नाम—पुण्डरीक २। दक्षिण दिशाके हस्तीका नाम—वामन ३ । नैर्ऋत कोणके हस्तीका नाम—कुमुद ४ । पश्चिम दिशाके हस्तीका नाम—अञ्जन ५ । ३ ॥ वायुकोणके हस्तीका नाम—पुष्पदन्त ६ । उत्तरदिशाके हस्तीका नाम—सार्वभौम ७ । ईशानकोणके हस्तीका नाम—सुप्रतीक ८ ।

करिण्योऽभ्रमुकपिलापिङ्गलानुपमाः क्रमात् ॥ ४ ॥ ताम्रकर्णी शुभ्रदन्ती चाङ्गना चाञ्जनावती ।

उपर लिखे हुए ऐरावत आदि आठ हस्तियोंकी हथिनियोंके क्रमसे नाम—अभ्रमु १ कपिला २ पिंगला ३ अनुपमा ४ ॥ ४ ॥ ताम्रकर्णी ५ शुभ्रदन्ती ६ अंगना ७ अञ्जनावती ८ ।

क्लीबाव्ययं त्वपदिशं दिशोर्मध्ये विदिक् स्त्रियाम् ॥ ५ ॥

अग्नि आदि कोणके नाम २—अपदिश १ विदिश् २ ॥ ५ ॥

अभ्यन्तरं त्वन्तरालं—

बीचभागके नाम २—अभ्यंतर १ अन्तराल २ ।

—चक्रवालं तु मण्डलम् ।

गोलाकार समूहके नाम २—चक्रवाल १ मण्डल २ ।

अभ्रं मेघो वारिवाहः स्तनयित्नुर्बलाहकः ॥ ६ ॥ धाराधरो जलधरस्तडित्वान्वारिदोऽम्बुभृत् । घनजीमूतमुदिरजलमुग्धूमयोनयः ॥७॥

बादलके नाम १५—अभ्र १ मेघ २ वारिवाह ३ स्तनयित्नु ४ बलाहक ५ ॥६॥ धाराधार ६ जलधर ७ तडित्वत् ८ वारिद ९ अम्बुभृत् १० घन ११ जीमूत १२ मुदिर १३ जलमुच् १४ धूमयोनि १५ ॥ ७ ॥

कादम्बिनी मेघमाला—

मेघपंक्तिके नाम २ कादम्बिनी १ मेघमाला २ ॥

—त्रिषु मेघभवेऽभ्रियम् ।

मेघोत्पन्न वस्तुका नाम १-अभ्रिय १।

स्तनितं गर्जितं मेघनिर्घोषो रसितादि च ॥ ८ ॥

गर्जनेके नाम ४—स्तनित १ गर्जित २ मेघनिर्घोष ३ रसित ४ ॥ ८ ॥

शम्पाशतह्रदाह्लादिन्यैरावत्यः क्षणप्रभा । तडित्सौदामनी विद्युच्चञ्चला चपला अपि ॥ ९॥

बिजलीके नाम १०—शम्पा १ शतह्रदा २ ह्लादिनी ३ ऐरावती ४ क्षणप्रभा ५ तडित् ६ सौदामनी ७ विद्युत् ८ चञ्चला ९ चपला १० ॥९॥

स्फूर्जथुर्वज्रनिर्घोषो—

वज्रके शब्दोंके नाम २—स्फूर्जथु १ वज्रनिर्घोष २ ।

—मेघज्योतिरिरंमदः ।

वज्रके अग्निके नाम २—मेघज्योतिष् १ इरम्मद २ ।

इन्द्रायुधं शक्रधनुस्तदेव ऋजु रोहितम् ॥ १० ॥

इन्द्रधनुषके नाम ३—इन्द्रायुध १ शक्रधनुष् २ रोहित ३ । सरल इंद्रधनुषका नाम रोहित है ॥ १० ॥

वृष्टिर्वर्षं—

वर्षाके नाम २—वृष्टि १ वर्ष २ ।

—तद्विघातेऽवग्राहावग्रहौ समौ ।

झूराके नाम २—अवग्राह १ अवग्रह २॥

धारासंपात आसारः—

निरन्तर मेघधाराके नाम २—धारासम्पात १ आसार ॥ २ ॥

—शीकरोऽम्बुकणाः स्मृताः ॥११॥

वायुसे उडाये हुए जलकणों-(फुहारों)का नाम १२शीकर १॥११॥

वर्षोपलस्तु करका—

आकाशसे गिरे हुए पत्थरोंके नाम २—वर्षोपल १ करका २ ॥

—मेघच्छन्नेऽह्नि दुर्दिनम् ।

मेघसे आच्छादित हुआ दिनरात्रिका नाम १—दुर्दिन ॥ १ ॥

अन्तर्धा व्यवधा पुंसि त्वन्तर्धिरपवारणम् ॥ १२ ॥ अपिधानतिरोधानपिधानाच्छादनानि च ।

झपनाके नाम ८—अन्तर्धा १ व्यवधा २ अन्तर्धि ३ अपवारण ४॥ १२ ॥ अपिधान ५ तिरोधान ६ पिधान ७ आच्छादन ८ ॥

हिमांशुश्चन्द्रमाश्चन्द्र इन्दुः कुमुदबान्धवः ॥ १३ ॥ विधुः सुधांशुः शुभ्रांशुरोषधीशो निशापतिः । अब्जो जैवातृकः सोमो ग्लौर्मृगांकः कलानिधिः ॥ १४ ॥

द्विजराजः शशधरो नक्षत्रेशः क्षपाकरः ।

चन्द्रमाके नाम २०—हिमांशु १ चन्द्रमस् २ चन्द्र ३ इन्दु ४ कुमुदबान्धव ५ ॥ १३ ॥ विधु ६ सुधांशु ७ शुभ्रांशु ८ ओषधीश ९ निशापति १० अब्ज ११ जैवातृक १२ सोम १३ ग्लौ १४ मृगाङ्क १५ कलानिधि १६ ॥ १४ ॥ द्विजराज १७ शशधर १८ नक्षत्रेश १९ क्षपाकर २० ॥

कला तु षोडशो भागो—

चन्द्रमाके १६ वे भागका नाम १—कला १ ॥

—बिम्बोऽस्त्री मण्डलं त्रिषु ॥१५॥

चन्द्रमण्डलके नाम २—बिम्ब १ मण्डल २ ॥ १५ ॥

भित्तं शकलखण्डे वा पुंस्यर्धो—

खण्डके नाम ४— भित्त १ शकल २ खण्ड ३ अर्द्ध ४ (पुंलिंग) ॥

—ऽर्धं समेंऽशके ।

समभागका नाम १—अर्द्ध १ (नपुंसकलिंग) ॥

चन्द्रिका कौमुदी ज्योत्स्ना—

चांदनीके नाम ३ चन्द्रिका १ कौमुदी २ ज्योत्स्ना ३ ॥

—प्रसादस्तु प्रसन्नता ॥ १६ ॥

निर्मलताके नाम २—प्रसाद १ प्रसन्नता २ ॥ १६॥

कलंकांकौ लाञ्छनं च चिह्नं लक्ष्म च लक्षणम् ।

चिह्नके नाम ६—कलंक १ अंक२ लाञ्छन ३ चिह्न४लक्ष्मन् ५लक्षण६॥

सुषमा परमा शोभा—

अतिशोभाका नाम १—सुषमा १॥

—शोभा कान्तिर्द्युतिश्छविः ॥ १७॥

शोभाके नाम ४शोभा १—कान्ति २ द्युति ३ छवि ४ ॥ १७ ॥

अवश्यायस्तु नीहारस्तुषारस्तुहिनं हिमम् । प्रालेयं मिहिका चा-

पालेके नाम ७—अवश्याय १ नीहार २ तुषार ३ तुहिन ४ हिम ५ प्रालेय ६ मिहिका ७ ॥

—थ हिमानी हिमसंहतिः ॥ १८ ॥

पालेके समूहके नाम २—हिमानी १ हिमसंहति २ ॥ १८ ॥

शीतं गुणे—

शीतलताका नाम १—शीत १ ॥

—तद्वदर्थाः सुषीमः शिशिरो जडः । तुषारः शीतलः शीतो हिमः सप्तान्यलिंगकाः ॥ १९ ॥

शीतलवस्तुके नाम ७—मुषीम १ शिशिर २ जड ३ तुषार ४ शीतल ५ शीत ६ हिम ७ ॥ १९ ॥

ध्रुव औत्तानपादिः स्या—

ध्रुवजीके नाम २—ध्रुव १औत्तानपादि २ ॥

—दगस्त्यः कुम्भसम्भवः । मैत्रावरुणि—

अगस्त्यके नाम ३—अगस्त्य १ कुम्भसम्भव २ मैत्रावरुणि ३ ॥

रस्यैव लोपामुद्रा सधर्मिणी २०

अगस्त्यकी स्त्रीका नाम १—लोपामुद्रा १ ॥ २० ॥

नक्षत्रमृक्षं भं तारा तारकाप्युडु वा स्त्रियाम् ।

नक्षत्रोंके नाम ६—नक्षत्र १ ऋक्ष २ भ ३ तार ४ तारका ५ उडु ६ ॥

दाक्षायण्योऽश्विनीत्यादितारा-

अश्विनी आदि २८ नक्षत्रोंका नाम १—दाक्षायणी १ ।

—अश्वयुगश्विनी ॥ २१ ॥

अश्विनी नक्षत्रके नाम २—अश्वयुज् १अश्विनी २ । २१ ॥

राधा विशाखा—

विशाखानक्षत्रके नाम २—राधा १ विशाखा २ ॥

—पुष्ये तु सिध्यतिष्यौ—

पुष्यनक्षत्रके नाम ३—पुष्य १ सिध्य २ तिष्य ३ ॥

—श्रविष्ठया ।

समा धनिष्ठा—

धनिष्ठानक्षत्रके नाम २—श्रविष्टा १ धनिष्ठा २ ॥

—स्युः प्रोष्ठपदा

भाद्रपदाः स्त्रियः ॥ २२ ॥

पूर्वभाद्रपदा और उत्तरभाद्रपदा नक्षत्रोंके नाम २—प्रोष्ठपदा १ भाद्रपदा २ ॥ २२ ॥

मृगशीर्षं मृगशिरस्तस्मिन्नेवाग्रहायणी ।

मृगशिरनक्षत्रके नाम ३—मृगशीर्ष १ मृगशिर २ आग्रहायणी ३ ॥

इल्वलास्तच्छिरोदेशे तारका निवसन्ति याः ।

मृगशिरके मस्तकपर रहनेवाले नक्षत्रोंका नाम १—इल्वल १ ॥२३॥

बृहस्पतिः सुराचार्यो गीष्पतिर्धिषणो गुरुः । जीव आङ्गिरसो वाचस्पतिश्चित्रशिखण्डिजः ॥२४॥

बृहस्पतिके नाम ९—बृहस्पति १ सुराचार्य २ गीष्पति ३ धिषण ४ गुरु ५ जीव६ आंगिरस७ वाचस्पति ८ चित्रशिखण्डिज ९ ॥ २४ ॥

शुक्रो दैत्यगुरुः काव्य उशना भार्गवः कविः ।

शुक्रके नाम६—शुक्र १ दैत्यगुरु२ काव्य ३ उशनस् ४ भार्गव५कवि६॥

अंगारकः कुजो भौमो लोहितांगो महीसुतः ॥ २५ ॥

मंगलके नाम ५—अङ्गारक कुज २ भौम ३ लोहितांग ४ महीसुत ५॥ २५ ॥

रौहिणेयो बुधः सौम्यः—

बुधके नाम ३—रौहिणेय १ बुध २ सौम्य ३ ॥

—समौ सौरिशनैश्चरौ ।

शनिके नाम२—सौरि१शनैश्चर२॥

तमस्तु राहुः स्वर्भानुः सैंहिकेयो विधुन्तुदः ॥ २६ ॥

राहुके नाम ५—तमस् १ राहु २ स्वर्भानु३सैंहिकेय४विधुन्तुद५॥२६॥

सप्तर्षयो मरीच्यत्रिमुखाश्चित्रशिखण्डिनः ।

मरीचि अत्रि आदि सप्तर्षियोंके नाम—चित्रशिखण्डिन् ॥ १ ॥

राशीनामुदयो लग्नं—

राशियोंके उदयका नाम १—लग्न१

—ते तु मेषवृषादयः ॥ २७ ॥

राशियोंके नाम—मेष १ वृष २ आदि ॥ २७ ॥

सूरसूर्यार्यमादित्यद्वादशात्मदिवाकराः । भास्करराहस्करब्रध्नप्रभाकरविभाकराः ॥ २८ ॥ भास्वद्विवस्वत्सप्ताश्वहरिदश्वोष्णरश्मयः । विकर्तनार्कमार्त्तण्डमिहिरारुणपूषणः ॥ २९ ॥ द्युमणिस्तरणिर्मित्र-श्चित्रभानुर्विरोचनः । विभावसुर्ग्रहपतिस्त्विषांपतिरहर्पतिः॥३०॥ भानुर्हंसः सहस्रांशुस्तपनः सविता रविः ।

सूर्यके नाम ३७—सूर १ सूर्य २ अर्य्यमन् ३ आदित्य ४ द्वादशात्मन् ५ दिवाकर ६ भास्कर ७ अहस्कर ८ ब्रध्न ९प्रभाकर १०विभाकर

---

१ मरीचिरंगिरा अत्रिः पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ।वसिष्ठश्चेति सप्तैते ज्ञेयाश्चित्रशिखंडिनः ॥ १ ॥ भाषा—मरीचि १ अंगिरस २ अत्रि ३ पुलस्त्य ४ पुलह ५ क्रतु ६ वसिष्ठ ७ यह सप्तर्षि चित्रशिखण्डि कहलाते हैं ।

११ ॥ २८ ॥ भास्वत् १२ विवस्वत १३ सप्ताश्व १४ हरिदश्व १५ उष्णरश्मि १६ विकर्त्तन १७ अर्क १८ मार्तण्ड १९ मिहिर २० अरुण २१ पूषन् २२ ॥ २९ ॥ द्युमणि २३ तरणि २४ मित्र २५ चित्रभानु २६ विरोचन २७ विभावसु २८ ग्रहपति २९ त्विषाम्पति ३० अहर्पति ३१ ॥ ॥३०॥ भानु ३२ हंस ३३ सहस्रांशु ३४ तपन ३५ सवितृ ३६ रवि ३७

माठरः पिंगलो दण्डश्चडांशाः पारिपार्श्विकाः ॥ ३१ ॥

सूर्यपार्श्ववर्ती तीनोंके एक एक नाम—माठर १ पिंगल २ दण्ड ३ ॥ ३१ ॥

सूरसूतोऽरुणोऽनूरुः काश्यपिर्गरुडाग्रजः ।

सूर्यके सारथिके नाम ५--सूरसूत १ अरुण २ अनूरु ३ काश्यपि ४ गरुडाग्रज ५ ॥

परिवेषस्तु परिधिरुपसूर्यकमण्डले ॥ ३२ ॥

सूर्यके मण्डलके अर्थात् जो कभी२ उनके चारों ओर घेरासा बंन जाता है उसके नाम ४—परिवेष १ परिधि २ उपसूर्यक ३ मण्डल ४ ॥ ३२ ॥

किरणोस्रमयूखांशुगभस्तिघृणिरश्मयः । भानुः करो मरीचिः स्त्रीपुंसयोर्दीधितिः स्त्रियाम् ॥ ३३ ॥

सूर्यकिरणके नाम ११—किरण १ उस्र २ मयूख ३ अंशु ४ गभस्ति ५ घृणि ६ रश्मि ७ भानु ८ कर ९ मरीचि १० दीधिति ११ ॥ ३३ ॥

स्युः प्रभारुग्रुचिस्त्विड्भाभाश्छविद्युतिदीप्तयः । रोचिः शोचिरुभे क्लीबे—

दीप्तिके नाम ११—प्रभा १ रुच् २ रुचि ३ त्विष् ४ भा ५ भास् ६ छवि ७ द्युति ८ दीप्ति ९ रोचिष् १० शोचिष् ११ ॥

--प्रकाशो द्योत आतपः ॥ ३४ ॥

धूपके नाम ३—प्रकाश १ द्योत २ आतप ३ ॥ ३४ ॥

कोष्णं कवोष्णं मन्दोष्णं कदुष्णं त्रिषु तद्वति ।

थोडे गरमके नाम ४—कोष्ण १ कवोष्ण २ मन्दोष्ण ३ कदुष्ण ४ ॥

तिग्मं तीक्ष्णं खरं तद्व—

बहुत गरमके नाम ३—तिग्म १ तीक्ष्ण २ खर ३ ॥

—न्मृगतृष्णा मरीचिका ॥ ३५ ॥

मृगतृष्णाके नाम २—मृगतृष्णा १ मरीचिका २ ॥ ३५ ॥

इति दिग्वर्गः ॥ ३ ॥

अथ कालवर्गः ४.

कालो दिष्टोऽप्यनेहापि समयो-

समयके नाम ४—काल १ दिष्ट २ अनेहस् ३ समय ४ ॥

—प्यथ पक्षतिः ।

प्रतिपद् द्वे इमे स्त्रीत्वे—

प्रतिपदाके नाम २--पक्षति १ प्रतिपत् २ ॥

--तदाद्यास्तिथयो द्वयोः ॥ १ ॥

प्रतिपदादिका नाम १--तिथि१ ॥१॥

घस्रो दिनाहनी वा तु क्लीबे दिवसवासरौ ।

दिनके नाम ५—घस्र १ दिन २ अहन् ३ दिवस ४ वासर ५ ॥

प्रत्यूषोऽहर्मुखं कल्यमुषःप्रत्युषसी अपि ॥ २ ॥

प्रभातं च—

प्रातःकालके नाम ६—प्रत्यूष १ अहर्मुख २ कल्य ३ उषस्४ प्रत्युषस् ५ ॥ २ ॥ प्रभात ॥ ६ ॥

—दिनान्ते तु सायंसंध्या पितृप्रसूः ।

सायंकालके नाम ४—दिनान्त १ सायम् २ सन्ध्या ३ पितृप्रसू ॥४॥

प्राह्णापराह्णमध्याह्नास्त्रिसंध्य-

प्रातःकालका नाम १—प्राह्ण १ ॥ मध्याह्नकालका नाम १—मध्याह्न १ ॥ मध्याह्नोत्तर कालका नाम १—अपराह्ण १—इन तीनों कालोंका इकट्ठा नाम—त्रिसंध्य १ ॥

—मथ शर्वरी ॥ ३ ॥

निशा निशीथिनी रात्रिस्त्रि-यामा क्षणदाक्षपा । विभावरीतमस्विन्यौ रजनी यामिनी तमी ॥४॥

रात्रिके नाम १२—शर्वरी १—॥ ३ ॥ निशा २ निशीथिनी ३ रात्रि ४ त्रियामा ५ क्षणदा ६ क्षपा ७ विभावरी ८ तमस्विनी ९ रजनी १० यामिनी ११ तमी १२ ॥ ४ ॥

तमिस्रा तामसी रात्रि—

अन्धियारी रात्रिका नाम १—तमिस्रा १ ॥

—ज्यौत्स्नी चन्द्रिकयान्विता ।

उजयाली रात्रिका नाम १—ज्यौत्स्नी १।

आगामिवर्तमानाहर्युक्तायां निशि पक्षिणी ॥ ५ ॥

वर्त्तमान और आगन्तुक दिनोंके मध्यकी रात्रिका नाम १—पक्षिणी १।५

गणरात्रं निशा बह्व्यः—

बहुत रात्रियोंका नाम १—गणरात्र १॥

—प्रदोषो रजनीमुखम् ।

रात्रिके प्रथमभागके नाम २—प्रदोष १ रजनीमुख २ ॥

अर्धरात्रनिशीथौ द्वौ–

आधीरात्रिके नाम२–अर्धरात्र १ निशीथ २ ॥

–द्वौ यामप्रहरौ समौ॥ ६ ॥

प्रहरके नाम २ याम १प्रहर२॥६॥

स पर्वसंधिः प्रतिपत्पञ्चदश्योर्यदन्तरम् ॥

प्रतिपदा १और पंचदशी १५।३० के मध्यके कालका नाम१-पर्वसन्धि १॥

पक्षान्तौ पञ्चदश्यौ द्वे--

अमावास्या और पूर्णिमाका नाम १–पक्षान्त १ ॥

–पौर्णमासी तु पूर्णिमा ॥ ७ ॥

पूर्णिमाके नाम २–पौर्णमासी १ पूर्णिमा २ ॥ ७ ॥

कलाहीने सानुमतिः–

जिस पूर्णमासीमें प्रतिपदाके योगसे चन्द्रमाकी कला हीन हो उसका नाम १–अनुमति १ ॥

–पूर्णे राका निशाकरे ।

जिसमें पूर्ण चन्द्रमा हो उस पूर्णिमाका नाम १–राका १ ॥

अमावास्या त्वमावस्या दर्शः सूर्येन्दुसङ्गमः ॥ ८ ॥

अमावास्याके नाम ४–अमावास्या १ अमावस्या २ दर्श ३ सूर्येन्दुसंगम ४ ॥ ८ ॥

सा दृष्टेन्दुः सिनीवाली–

जिसमें चतुर्दशीके योगसे चन्द्रमाका दर्शन होय उस अमावास्याका नाम १–सिनीवाली १ ॥

–सा नष्टेन्दुकला कुहूः ।

जिसमें बिलकुल चन्द्रदर्शन न होय उस अमावस्याका नाम १–कुहू १ ॥

उपरागो ग्रहो राहुग्रस्ते त्विन्दौ च पूष्णि च ॥ ९ ॥

सोपप्लवोपरक्तौ द्वा–

चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहणके नाम ४–उपराग १ ग्रह २ ॥ ९ ॥ सोपप्लव ३ उपरक्त ४ ।

–वग्न्युत्पात उपाहितः ।

धूम्रकेतुके नाम २–अग्न्युत्पात १ उपाहित २ ॥

एकयोक्त्या पुष्पवन्तौ दिवाकरनिशाकरौ ॥ १० ॥

सूर्य और चन्द्र दोनोंका इकट्ठा नाम १–पुष्पवन्त १ ॥ १० ॥

अष्टादश निमेषास्तु काष्ठा—

पलक मारनेका नाम–निमेष १॥ अठारह निमेषोंका नाम १–काष्ठा१॥

–त्रिंशत्तु ताः कला ।

तीस काष्ठाओंका नाम १–कला १ ॥

तास्तु त्रिंशत्क्षण—

तीस कलाओंका नाम १—क्षण १॥

—स्ते तु मुहूता द्वादशास्त्रियाम् ॥११

बारह क्षणोंका नाम १—मुहूर्त्त १॥११॥

ते तु त्रिंशदहोरात्रः—

तीस मुहूर्त्तोंका नाम १—अहोरात्र १॥

—पक्षस्ते दशपञ्च च ।

पंद्रह दिनरातका नाम १—पक्ष १ ॥

पक्षौ पूर्वापरौ शुक्लकृष्णौ—

पक्ष दो हैं २—शुक्ल १ कृष्ण २ ॥

—मासस्तु तावुभौ ॥ १२ ॥

दो पक्षोंका नाम १—मास १॥१२॥

द्वौ द्वौ मार्गादिमासौ स्यादृतु-

मार्गशीर्षादि दो दो मासोंका नाम १—ऋतु १ ॥

—स्तैरयनं त्रिभिः ।

तीन ऋतुओंका नाम १—अयन १॥

अयन द्वे गतिरुदग्दक्षिणार्कस्य—

दो अयनोंके २ भेद—उत्तरायण १। दक्षिणायन २ ॥

—वत्सरः ॥ १३ ॥

दो अयनोंका नाम १—वत्सर १॥१३॥

समरात्रिन्दिवे काले विषुवद्वि-षुवं च तत् ।

जिसमें दिनरात समान होते हैं उस संक्रांति (तुला और मेष) के नाम २—विषुवत् १ विषु २ ॥

मार्गशीर्षं सहा मार्ग आग्रहा-यणिकश्च सः ॥ १४ ॥

अगहन महीनेके नाम ४—मार्ग-शीर्ष १ सहस २ मार्ग ३ आग्रहा-यणिक ४ ॥ १४ ॥

पौषे तैषसहस्यौ द्वौ—

पूसमासके नाम ३॥पौष १ तैष २ सहस्य ३

—तपा माघेऽ—

माघमासके नाम २—तपस् १ माघ २ ॥

—थ फाल्गुने ।

स्यात्तपस्यः फाल्गुनिकः—

फाल्गुनमासके नाम ३—फाल्गुन १ तपस्य २ फाल्गुनिक ३ ॥

—स्याच्चैत्रे चैत्रिको मधुः॥१५॥

चैत्रमासके नाम ३—चैत्र १ चैत्रिक २ मधु ३ ॥ १५ ॥

वैशाखे माधवो राधो—

वैशाखमासके नाम ३—वैशाख १ माधव २ राध ३ ॥

—ज्येष्ठ शुक्र—

ज्येष्ठके नाम २—ज्येष्ठ १ शुक्र २॥

—श्शुचिस्त्वयम् ।

आषाढे-

आषाढमासके नाम २—शुचि १ आषाढ २ ॥

—श्रावणे तु स्यान्नभाः

श्रावणिकश्च सः ॥ १६ ॥

श्रावणमासके नाम ३—श्रावण १ नभस् २ श्रावणिक ३ ॥ १६ ॥

स्युर्नभस्यः प्रौष्ठपदभाद्रभाद्रपदाः समाः ।

भादों मासके नाम ४— नभस्य १ प्रौष्ठपद २ भाद्र ३ भाद्रपद ४ ॥

स्यादाश्विन इषोऽप्याश्वयुजोऽपि

कारमासके नाम ३—आश्विन १ इष २ आश्वयुज ३ ॥

—स्यात्तु कार्त्तिके ॥ १७ ॥

बाहुलोर्जौ कार्त्तिकिको—

कार्तिकमासके नाम ४—कार्तिक १ ॥ १७ ॥ बाहुल २ ऊर्ज ३ कार्तिकिक ४ ॥

हेमन्तः—

अगहनपूस माससे सिद्ध हुई ऋतुका नाम १—हेमन्त १ ॥

—शिशिरोऽस्त्रियाम् ।

माघ फाल्गुनसे सिद्ध हुई ऋतुका नाम १—शिशिर १ ॥

वसन्ते पुष्पसमयः सुरभि—

चैत्र वैशाखसे सिद्ध ऋतुके नाम ३—वसन्त १ पुष्पसमय २ सुरभि ३ ॥

—ग्रीष्म ऊष्मकः ॥ १८ ॥

निदाघ उष्णोपगम उष्ण ऊष्मागमस्तपः ।

ज्येष्ठआषाढके समयक नाम ७—ग्रीष्म १ ऊष्मक २ ॥ १८॥ निदाघ ३ उष्णोपगम ४ उष्ण ५ ऊष्मागम ६ तप ७॥

स्त्रियां प्रावृट्स्त्रियां भूम्नि वर्षा—

सावन भादोंके ऋतुके नाम २—प्रावृट् १ वर्षा २ ॥

—अथ शरत् स्त्रियाम ॥ १९ ॥

कार कार्तिकके समयका नाम १—शरद् १ ॥ १९ ॥

षडमी ऋतवः पुंसि मार्गादीनां युगैः क्रमात् ।

मार्गशीर्ष आदि दो २ महीनोंके ये छः ऋतु होते हैं ॥

संवत्सरो वत्सरोऽब्दो हायनोऽस्त्री शरत्समाः ॥ २० ॥

वर्षके नाम ६—संवत्सर १ वत्सर २ अब्द ३ हायन ४ शरद् ५ समा ६ ॥ २० ॥

मासेन स्यादहोरात्रः पैत्रो—

मनुष्याक एक महीनेका पितरोंका दिनरात्रि होता है ॥

—वर्षेण दैवतः ।

और एक वर्षका देवताओंका दिनरात्रि होता है ॥

दैवे युगसहस्रे द्वे ब्राह्मः-

देवोंके दो हजार युगका ब्रह्माका दिनरात्रि होता है ॥

-कल्पो तु तौ नृणाम् ॥ २१ ॥

उन दो युगसहस्रोंको मनुष्योंका कल्प कहते हैं, ब्रह्माका दिन मनुष्योंका स्थितिकाल और ब्रह्माकी रात्रि मनुष्योंका प्रलयकाल होता है ॥ २१ ॥

मन्वन्तरं तु दिव्यानां युगानामेकसप्ततिः ।

इकहत्तर दिव्यवर्षका नाम १-मन्वन्तर १ ॥

संवर्तः प्रलयः कल्पः क्षयः कल्पान्त इत्यपि ॥ २२ ॥

प्रलयके नाम ५-संवर्त १ प्रलय २ कल्प ३क्षय ४कल्पान्त ५॥२२॥

अस्त्री पंकं पुमान्पाप्मा पापं किल्बिषकल्मषम् । कलुषं वृजिनैनोऽघमंहो दुरितदुष्कृतम् ॥ २३ ॥

पापके नाम १२-पंक १ पाप्मन् २ पाप ३ किल्बिष४ कल्मष ५कलुष ६वृजिन ७ एनस् ८ अघ ९ अंहस् १० दुरित ११ दुष्कृत १२ ॥ २३॥

स्याद्धर्ममस्त्रियां पुण्यश्रेयसी सुकृतं वृषः ।

धर्मके नाम ५-धर्म १ पुण्य २ श्रेयस् ३ सुकृत ४ वृष ५ ॥

मुत्प्रीतिः प्रमदो हर्षप्रमोदामोदसंमदाः ॥ २४ ॥ स्यादानन्दथुरानन्दः शर्मशातसुखानिच ।

हर्षके नाम १२-मुद् १ प्रीति२ प्रमद ३ हर्ष ४ प्रमोद ५ आमोद ६ सम्मद ७ ॥ २४॥ आनन्दथु ८ आनन्द ९ शर्मन् १० शात ११ सुख१२॥

श्वःश्रेयसं शिवं भद्रं कल्याणं मंगलं शुभम् ॥ २५ ॥ भावुकं भविकं भव्यं कुशलं क्षेममस्त्रियाम् । शस्तं चा-

कल्याणके नाम १२-श्वःश्रेयस् १ शिव २ भद्र ३ कल्याण ४ मंगल ५शुभ ६ ॥ २५॥ भावुक ७ भविक८ भव्य ९ कुशल १० क्षेम ११शस्त१२॥

-ऽथ त्रिषु द्रव्ये पापं पुण्यं सुखादि च ॥ २६ ॥

पाप और पुण्यशब्द तथा सुखशब्दसे लेकर शस्तशब्द पर्यंत जो शब्द हैं वो यदि द्रव्यवाचक हों तो तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ २६ ॥

मतल्लिका मचर्चिका प्रकाण्डमुद्धतलुजौ । प्रशस्तवाचकान्यमू-

अच्छेके नाम ५—मतल्लिका १ मचर्चिका २ प्रकाण्ड ३ उद्ध ४ तल्लज ॥९॥

—न्ययः शुभावहो विधिः ॥२७॥

शुभकारक विधिका नाम १—अय १ ॥ २७ ॥

दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यं स्त्री नियतिर्विधिः ।

भाग्यके नाम६—दैव १ दिष्ट२भागधेय ३ भाग्य ४ नियति ५ विधि६॥

हेतुर्ना कारणं बीज-

कारणके नाम ३—हेतु १ कारण २ बीज ३ ॥

-निदानं त्वादिकारणम् ॥२८॥

आदिकारणका नाम १—निदान १॥२८

क्षेत्रज्ञ आत्मा पुरुषः-

चैतन्यके नाम ३—क्षेत्रज्ञ १ आत्मन् २ पुरुष ३ ॥

-प्रधानं प्रकृतिः स्त्रियाम् ।

प्रकृतिके नाम २—प्रधान १ प्रकृति २ ॥

विशेषः कालिकोऽवस्था—

उमरका नाम १—अवस्था १ ॥

—गुणाः सत्त्वं रजस्तमः॥२९॥

गुणोंके नाम ३—सत्त्व १ रजस् २ तमस् ३ ॥ २९ ॥

जनुर्जननजन्मानि जनिरुत्पत्तिरुद्भवः ।

जन्मके नाम ६—जनुस् १ जनन २ जन्मन् ३ जनि४उत्पत्ति ५उद्भव६॥

प्राणी तु चेतना जन्मी जन्तुजन्युशरीरिणः ॥ ३० ॥

प्राणीके नाम ६—प्राणिन् १ चेतन २ जन्मिन् ३ जन्तु ४ जन्यु ५ शरीरिन् ६ ॥ ३० ॥

जातिर्जातं च सामान्यं—

जातिमात्रके नाम ३—जाति १ जात २ सामान्य ३ ॥

—व्यक्तिस्तु पृथगात्मता ।

व्यक्तिवाचकके नाम २—व्यक्ति १ पृथगात्मता २ ॥

चित्तं तु चेतो हृदयं स्वांतं हृन्मानसं मनः ॥ ३१ ॥

मनके नाम ७—चित्त १ चेतस् २ हृदय ३ स्वान्त ४ हृद् ५ मानस ६ मनस् ७ ॥ ३१ ॥

इति कालवर्गः ॥ ४ ॥

अथ धीवर्गः ५.

बुद्धिर्मनीषा धीषणा धीः प्रज्ञा शेमुषी मतिः । प्रेक्षोपलब्धिश्चित्संवित्प्रीतपज्ञप्तिचेतनाः ॥ १ ॥

बुद्धिके नाम १४—बुद्धि १ मनीषा २ धिषणा ३ धी ४ प्रज्ञा ५

शेमुषी ६ मति ७ प्रेक्षा ८ उपलब्धि ९ चित् १० संविद् ११ प्रतिपद् १२ ज्ञप्ति १३ चेतना १४ ॥ १ ॥

धीर्धारणावती मेधा-

कही हुई बातोंको धारण रखनेवाली बुद्धिका नाम १-मेधा १ ॥

-संकल्पः कर्म्म मानसम्।

मनकी कामनाका नाम १-संकल्प १॥

चित्ताभोगो मनस्कार-

किसी वस्तुमें चित्तके तत्पर होजानेके नाम २-चित्ताभोग १ मनस्कार २॥

श्चर्चा संख्या विचारणा ॥२॥

विचारके नाम ३-चर्चा १ संख्या २ विचारणा ३ ॥ २ ॥

अध्याहारस्तर्क ऊहो-

अपूर्व विचारके नाम ३-अध्याहार १ तर्क २ ऊह ३ ॥

-विचिकित्सा तु संशयः।

संदेहद्वापरौ चा-

सन्देहके नाम ४-विचिकित्सा १ संशय २ संदेह ३ द्वापर ४ ॥

-थ समौ निर्णयनिश्चयौ॥३॥

निश्चयके नाम २-निर्णय १ निश्चय २ ॥ ३ ॥

मिथ्यादृष्टिर्नास्तिकता-

परलोकको मिथ्या जाननेके नाम २-मिथ्यादृष्टि १ नास्तिकता २ ॥

-व्यापादो द्रोहचिन्तनम्।

परद्रोहके नाम २-व्यापाद १ द्रोहचिन्तनम् २ ॥

समौ सिद्धान्तराद्धान्तौ-

निश्चय करी हुई बातके नाम २-सिद्धान्त १ राद्धान्त २ ॥

-भ्रान्तिर्मिथ्यामतिर्भ्रमः॥४॥

भ्रमके नाम ३-भ्रान्ति १ मिथ्यामति २ भ्रम ३ ॥ ४ ॥

संविदागूः प्रतिज्ञानं नियमाश्रयसंश्रवाः॥अङ्गीकाराभ्युपगमप्रतिश्रवसमाधयः ॥ ५ ॥

प्रतिज्ञाके नाम १०-संविद् १ आगू २ प्रतिज्ञान ३ नियम ४ आश्रव ५ संश्रव ६ अङ्गीकार ७ अभ्युपगम ८ प्रतिश्रव ९ समाधि १० ॥ ५ ॥

मोक्षे धीर्ज्ञान-

मोक्षमें बुद्धि लगानेका नाम १-ज्ञान ॥ १ ॥

मन्यत्र विज्ञानं शिल्पशास्त्रयोः।

मोक्षसे अन्यत्र शिल्पविद्या और शास्त्रमें बुद्धि लगानेका नाम १-विज्ञान १ ॥

मुक्तिः कैवल्यनिर्वाणश्रेयोनिःश्रेयसामृतम् ॥ ६ ॥

मोक्षोऽपवर्गो–

मोक्षके नाम ८ –मुक्ति १कैवल्य २ निर्वाण ३ श्रेयस् ४ निःश्रेयस् ५ अमृत ६ ॥ ६ ॥ मोक्ष ७अपवर्ग८॥

–थाज्ञानमविद्याहंमतिः स्त्रियाम् ।

अज्ञानके नाम ३ –अज्ञान १ अविद्या २ अहम्मति ३ ॥

रूपं शब्दो गन्धरसस्पर्शाश्च विषया अमी ॥ ७ ॥

गोचरा इन्द्रियार्थाश्च–

पञ्चविषयोंके नाम ५–रूप १ शब्द २ गन्ध ३ रस ४ स्पर्श५॥७॥

इकट्ठे रूपरसादिके नाम ३–विषय १ गोचर २ इन्द्रियार्थ ३ ॥

हृषीकं विषयीन्द्रियम् ।

इन्द्रियके नाम ३–हृषीक १ विषयि २ इन्द्रिय ३ ॥

कर्मेन्द्रियं तु पाय्वादि–

कर्मेंद्रियोंके नाम–गुदा आदि ॥

–मनोनेत्रादि धीन्द्रियम् ॥ ८ ॥

ज्ञानेंद्रियोंके नाम–५मनस् १नेत्र २ आदि ॥ ८ ॥

तुवरस्तु कषायोऽस्त्री मधुरो लवणः कटुः । तिक्तोऽम्लश्च रसाः पुंसि–

छः रसोंके नाम–तुवर–कषाय १ मधुर २ लवण ३ कटु ४ तिक्त ५ अम्ल ६ ॥

–तद्वत्सु षडमी त्रिषु ॥ ९ ॥

कषाय आदि रसवाचक शब्द यदि द्रव्यवाचक होयँ तो तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ ९ ॥

विमर्दोत्थे परिमलो गन्धे जनमनोहरे ।

मनुष्योंके मनको हरनेवाले घिसनेसे उत्पन्नहुए सुगन्धका नाम १–परिमल १

आमोदः सोऽतिनिर्हारी–

अत्यन्त मनको हरनेवाले सुगंधिका नाम १–आमोद १ ॥

–वाच्यलिङ्गत्वमागुणात् ॥ १० ॥

यहांसे लेकर "गुणे शुक्लादयः पुंसि" इससे पहले जो शब्द हैं वह, वाच्यलिंग अर्थात् विशेष्यलिंग होते हैं ॥ १० ॥

१पायूपस्थे पाणिपादौ वाक्चेतीन्द्रियसंग्रहः । भाषा–गुदा १ उपस्थ २ पाणि ३ पाद ४ और वाक् ५ यह पांच कर्मेन्द्रिय हैं ॥

१ मनः कर्णस्तथा नेत्रं रसना च त्वचा सह । नासिका चेति षड् तानि धीन्द्रियाणि प्रचक्षते ॥ भाषा–मन १ कर्ण २ नेत्र ३ जिह्वा ४ त्वचा ५ और नासिका यह ६ ज्ञानेन्द्रिय(धीन्द्रिय) हैं ॥

समाकर्षी तु निर्हारी-

दूरसे ही जिसकी गन्ध आवे उसके नाम २-समाकर्षिन् १ निर्हारिन् २।

-सुरभिर्घ्राणतर्पणः

इष्टगन्धः सुगन्धिः स्या-

अत्युत्तमगन्धके नाम ४-सुरभि १ घ्राणतर्पण २ इष्टगन्ध ३ सुगंधि ४ ॥

दामोदी मुखवासनः॥ ११ ॥

मुखको सुगन्धित करनेवाले ताम्बूल आदिकी गन्धके नाम २-आमोदिन् १ मुखवासन २ ॥ ११ ॥

पूतिगन्धिस्तु दुर्गन्धो-

दुर्गन्धके नाम २-पूतिगन्धि १ दुर्गन्ध २ ॥

-विस्रं स्यादामगन्धि यत् ।

कच्चे मांसादिके गन्धका नाम १-विस्र १ ॥

शुक्लशुभ्रशुचिश्वेतविशदश्येत-पाण्डराः ॥ १२ ॥ अवदातः सितो गौरो वलक्षो धवलोऽर्जुनः।

उज्ज्वलके नाम १३-शुक्ल १ शुभ्र २ शुचि ३ श्वेत ४ विशद ५ श्येत ६ पांडर ७॥ १२ ॥ अवदात ८ सित ९ गौर १० वलक्ष ११ धवल १२ अर्जुन १३ ॥

हरिणः पाण्डुरः पाण्डु-

कुछ पीलापन मिले हुए सफेदवर्णके नाम ३-हरिण १ पांडुर २ पांडु ३।

रीषत्पाण्डुस्तु धूसरः ॥ १३ ॥

किञ्चित् उज्ज्वलका नाम १-धूसर १ ॥ १३ ॥

कृष्णे नीलासितश्यामकाल-श्यामलमेचकाः ।

काले वर्णके नाम ७-कृष्ण १ नील २ असित ३ श्याम ४ काल ५ श्यामल ६ मेचक ७ ॥

पीतो गौरो हरिद्राभः-

पीले वर्णके नाम ३-पीत १ गौर २ हरिद्राभ ३ ॥

पालाशो हरितो हरित्॥ १४ ॥

हरेवर्णके नाम ३-पालाश १ हरित २ हरित् ३ ॥ १४ ॥

रोहितो लोहितो रक्तः-

लालवर्णके नाम ३-रोहित १ लोहित २ रक्त ३ ॥

शोणः कोकनदच्छविः ।

लाल कमलके समान वर्णके नाम २-शोण १ कोकनदच्छवि २ ॥

अव्यक्तरागस्त्वरुणः-

थोडे लालका नाम १-अरुण १॥

-श्वेतरक्तस्तु पाटलः ॥ १५ ॥

मिले हुए सफेद और लालवर्णका नाम १—पाटल १ ॥ १५ ॥

श्यावः स्यात्कपिशो—

मिले हुए काले और पीले रंगके नाम २—श्याव १ कपिश २ ॥

—धूम्रधूमलौ कृष्णलोहिते ।

मिले हुए काले और लालवर्णके नाम ३—धूम्र १ धूमल२ कृष्णलोहित ३॥

कडारः कपिलः पिङ्गपिशंगौ कद्रुपिङ्गलौ ॥ १६ ॥

वानरकेसे रंगके नाम ६—कडार१ कपिल २ पिङ्ग ३ पिशङ्ग ४ कद्रु ५ पिंगल ६ ॥ १६ ॥

चित्रं किर्मीरकल्माषशबलैताश्च कर्बुरे ।

चित्रवर्णके नाम ६—चित्र १ किर्मीर २ कल्माष ३ शबल ४ एत५कर्बुर६॥

गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणिलिंगास्तु तद्वति ॥ १७ ॥

गुणवाचक शुक्ल आदि शब्द पुँलिंग होते हैं और द्रव्यवाचकशब्द द्रव्यके अनुसार लिङ्गमें होते हैं ॥ १७ ॥

इति धीवर्गः ॥ ५ ॥

अथ शब्दादिवर्गः ॥ ६ ॥

ब्राह्मी तु भारती भाषा गीर्वाग्वाणी सरस्वती ।

सरस्वतीके नाम ७ ब्राह्मी १ भारती २ भाषा ३ गिर्,गिरा ४ वाच् ५ बाणी ६ सरस्वती ७ ॥

व्याहार उक्तिर्लपितं भाषितं वचनं वचः ॥ १ ॥

बोलनेके नाम ६—व्याहार १ उक्ति २ लपित ३ भाषित ४ वचन ५ वचस् ॥ ६ ॥ १ ॥

अपभ्रंशोऽपशब्दः स्या—

अपभ्रष्ट अर्थात् व्याकरणकी रीतिसे अशुद्ध शब्दका नाम १—अपभ्रंश १ ॥

—च्छास्त्रे शब्दस्तु वाचकः ।

व्याकरणशास्त्रानुसार शुद्धशब्दका नाम १—शब्द १ ॥

तिङ्सुबन्तचयो वाक्यं क्रिया वा कारकान्विता ॥ २ ॥

तिङन्तसुबन्तके समूह और कारक युक्त क्रियाका नाम १—वाक्य १॥२॥

श्रुतिः स्त्री वेद आम्नायस्त्रयी—

वेदके नाम ४—श्रुति १ वेद २ आम्नाय ३ त्रयी ४ ॥

—धर्मस्तु तद्विधिः ।

वेदमें कही हुई संध्या तर्पण आदि विधिका नाम १ धर्म १—॥

स्त्रियामृक्सामयजुषी-

वेदोंके नाम ३-ऋच् १ यजुष् २ सामन् ३ ॥

-इति वेदास्त्रयस्त्रयी ॥ ३ ॥

इन्हीं तीनों वेदोंका इकट्ठा नाम १ त्रयी १ ॥ ३ ॥

शिक्षेत्यादि श्रुतेरङ्ग-

वेदके छः अंगोंके नाम ६-शिक्षा १ कल्प २ व्याकरण ३ निरुक्त ४ ज्योतिष ५ छन्दस् ६ ॥

-ओंकारप्रणवौ समौ ।

ओंकारके नाम २-ओंकार १ प्रणव २॥

इतिहासः पुरावृत्त-

इतिहासके नाम २-इतिहास १ पुरावृत्त २ ॥

मुदात्ताद्यास्त्रयः स्वराः ॥ ४ ॥

उदात्त अनुदात्त स्वरितका नाम १-स्वर १ ॥ ४ ॥

आन्वीक्षिकी दण्डनीतिस्तर्क-विद्यार्थशास्त्रयोः ।

तर्कविद्याका नाम १-आन्वीक्षिकी १ अर्थशास्त्रका नाम १-दंडनीति १ ॥

आख्यायिकोपलब्धार्था-

जिसका अर्थ जान लिया हो उस कथाके नाम २-आख्यायिका १ उपलब्धार्था २ ॥

-पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥ ५ ॥

पुराणोंके नाम २-पुराण १ पंचलक्षण २ ॥ ५ ॥

प्रबन्धकल्पना कथा-

कल्पना करि हुई कादाम्बरी आदि कथाके नाम २-प्रबन्धकल्पना १ कथा २ ॥

-प्रवह्लिका प्रहेलिका ।

जिसके सुननेसे मतलब जाना जाय और विचार करनेसे दूसरा मतलब निकले उस (कहानी) के नाम २-प्रवह्लिका १ प्रहेलिका २ ॥

-स्मृतिस्तु धर्मसंहिता-

धर्म जनानेको रचना कियेहुये श्लोकोंके समूहके नाम २-स्मृति १ धर्मसंहिता २ ॥

-समाहृतिस्तु संग्रहः ॥ ६ ॥

संग्रहके नाम २-समाहृति १ संग्रह २ ॥ ६ ॥

समस्या तु समासार्था-

जिसमें कुछ अर्थ पूरा किया जाय उसके नाम २-समस्या १ समासार्था २॥

-किंवदन्ती जनश्रुतिः ।

लोकप्रवाद अर्थात् दुर्यशके नाम २-किंवदन्ती १ जनश्रुति २ ॥

वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्तः स्या-

वार्ताके नाम ४—वार्त्ता १ प्रवृत्ति २ वृत्तान्त ३ उदन्त ४ ॥

—दथाह्वयः ॥ ७ ॥

आख्याह्वे अभिधानं च नामधेयं च नाम च ।

नामके नाम ६—आह्वय १ ॥७॥ आख्या २ आह्वा ३ अभिधान ४ नामधेय ५ नामन् ॥ ६ ॥

हूतिराकारणाह्वानं—

पुकारनेके नाम ३—हूति १ आकारणा २ आह्वान ३ ॥

संहूतिर्बहुभिः कृता ॥ ८ ॥

बूढी स्त्रीके नाम २-वृद्धा १ पलिक्नी २

-प्राज्ञी तु प्रज्ञा-

कुछ कुछ समझदार स्त्रीके नाम २-प्राज्ञी १ प्रज्ञा २ ॥

-प्राज्ञा तु धीमती ॥ १२ ॥

अतिबुद्धिमती स्त्रीके नाम २-प्राज्ञा १ धीमती २ ॥ १२ ॥

शूद्री शूद्रस्य भार्या स्या-

चाहे अन्य जातिभी हो पर शूद्रकी स्त्री हो उस स्त्रीका नाम १-शूद्री १ ॥

-च्छूद्रा तज्जातिरेव च ।

शूद्रजातिका नाम १-शूद्रा १ ॥

आभीरी तु महाशूद्री जातिपुंयोगयोः समा ॥ १३ ॥

अहिरिनिके नाम २-आभीरी १ महाशूद्री २ ॥ १३ ॥

अर्याणी स्वयमर्या स्यात्-

वैनीके नाम २-अर्याणी १ अर्या २ ॥

-क्षत्रिया क्षत्रियाण्यपि ॥

क्षत्रियानीके नाम २-क्षत्रिया १ क्षत्रियाणी २ ॥

उपाध्यायाप्युपाध्यायी-

पंडितानीके नाम २-उपाध्याया १ उपाध्यायी २ ॥

-स्यादाचार्यापि च स्वतः ॥ १४ ॥

जो अपने आप मंत्रोंके अर्थ कहसके उसका नाम १-आचार्य्या १ ॥ १४ ॥

आचार्यानी तु पुंयोगे-

चाहे मंत्रादिकी व्याख्या न करसके पर आचार्य्यकी स्त्री हो उसका नाम १-आचार्य्यानी १ ॥

-स्यादर्यी-

तैसेही अर्य (वैश्य) की स्त्रीका नाम १-अर्यी १ ॥

-क्षत्रियी तथा ।

क्षत्रियकी स्त्रीका नाम १-क्षत्रियी १

उपाध्यायान्युपाध्यायायी-

पढानेवालेकी स्त्रीके इसी प्रकारके नाम २-उपाध्यायानी १ उपाध्यायी २ ॥

-पोटा स्त्री पुंसलक्षणा ॥ १५ ॥

डाढीमूंछ आदियुक्त स्त्रीका नाम १-पोटा १ ॥ १५ ॥

वीरपत्नी वीरभार्या-

वीरकी स्त्रीके नाम २-वीरपत्नी १ वीरभार्या २ ॥

—वीरमाता तु वीरसूः ।

वीरकी माताके नाम २—वीरमातृ १ वीरसू २ ॥

जातापत्या प्रजाता च प्रसूता च प्रसूतिका ॥ १६ ॥

जिसके बालक पैदा हुआ हो उस स्त्रीके नाम ४—जातापत्या १ प्रजाता २ प्रसूता ३ प्रसूतिका ४ ॥ १६ ॥

स्त्री नग्निका कोटवी स्याद्—

नंगी स्त्रीके नाम २—नग्निका १ कोटवी २ ॥

—दूती संचारिके समे ।

दूतीके नाम २—दूती १ संचारिका २ ॥

कात्यायन्यर्धवृद्धा या काषायवसनाऽथवा ॥ १७ ॥

गेरु आदिसे रंगेहुऐ वस्त्र पहरनेवाली कुछ वृद्ध विधवा स्त्रीका नाम १—कात्यायनी १ ॥ १७ ॥

सैरन्ध्री परवेश्मस्था स्ववशा शिल्पकारिका ॥

अपनी इच्छाके अनुसार पराये गृहमें रहकर शिल्पकार्य करनेवाली स्त्रीका नाम १—सैरन्ध्री १ ॥

असिक्नी स्यादवृद्धा या प्रेष्याऽन्तः पुरचारिणी ॥ १८ ॥

घरके भीतर सेवा आदि कार्य करनेवाली जवानस्त्रीका नाम १—असिक्नी १ ॥ १८ ॥

वारस्त्री गणिका वेश्या रूपाजीवा—

वेश्याके नाम ४—वारस्त्री १ गणिका २ वेश्या ३ रूपाजीवा ४ ॥

—ऽथ सा जनैः ।

सत्कृता वारमुख्या स्यात्—

जिसका पुरुष अधिक सत्कार करें अर्थात् सबमें श्रेष्ठ वेश्याका नाम १—वारमुख्या १ ॥

—कुट्टनी शम्भली समे ॥ १९ ॥

कुटनीके नाम २—कुट्टनी १ ॥ शम्भली २ ॥ १९ ॥

विप्रश्निका त्वीक्षणिका दैवज्ञा—

सामुद्रिक आदि शास्त्रानुसार लक्षण जानकर शुभाशुभ फल कहनेवाली स्त्रीके नाम ३—विप्रश्निका १ ईक्षणिका २ दैवज्ञा ३ ॥

—ऽथ रजस्वला ।

स्त्रीधर्मिण्यविरात्रेयी मलिनी पुष्पवत्यपि ॥ २० ॥ ऋतुमत्युदक्यापि—

रजस्वला स्त्रीके नाम ८—रजस्वला १ स्त्रीधर्मिणी २ अवि ३ आत्रेयी ४ मलिनी ५ पुष्पवती ६ ॥ २० ॥ ऋतुमती ७ उदक्या ८ ॥

—स्याद्रजःपुष्पमार्तवम् ॥

स्त्रीके मासिक रजोधर्मके नाम ३—रजस् १ पुष्प २ आर्तव ३ ॥

श्रद्धालुर्दोहदवती–

गर्भके समय अनेक प्रकारकी इच्छा करनेवाली स्त्रीके नाम२–श्रद्धालु १ दोहदवती २ ॥

–निष्कला विगतार्तवा ॥ २१ ॥

रजोहीन स्त्रीके नाम २–निष्कला १ विगतार्तवा २ ॥ २१ ॥

आपन्नासत्त्वा स्याद्गुर्विण्यन्तर्वत्नी च गर्भिणी ।

गर्भवाली स्त्रीके नाम ४–आपन्नसत्त्वा १ गुर्विणी २ अन्तर्वत्नी ३ गर्भिणी ४ ॥

गणिकादेस्तु गाणिक्यं गार्भिणं यौवतं गणे ॥ २२ ॥

वेश्याओंके समूहका नाम १-गाणिक्य १ ॥ गर्भिणियोंके समूहका नाम १–गार्भिण १ ॥ युवतियोंके समूहका नाम १–यौवत १ ॥ २२ ॥

पुनर्भूर्दिधिषूरूढा द्वि–

जिस स्त्रीका विवाहसंस्कार द्वितीयवार हो उस स्त्रीके नाम २–पुनर्भू १ दिधिषू २ ॥

–स्तस्या दिधिषु पतिः ।

उसके पतिका नाम १–दिधिषू१॥

स तु द्विजोऽग्रेदिधिषूः सैव यस्य कुटुम्बिनी ॥ २३ ॥

जिसका द्वितीयवार विवाहसंस्कार हो वह स्त्री और उसका पति इन दोनोंसे उत्पन्न बालकका नाम अग्रेदिधिषू १ ॥ २३ ॥

कानीनः कन्यकाजातः सुतो–

कन्यासे उत्पन्न हुए पुत्रके नाम२–कानीन १ कन्यकाजात २ ॥

–ऽथ सुभगासुतः ।

सौभागिनेयः–

सौभाग्यवती स्त्रीके पुत्रक नाम २–सुभगासुत १ सौभागिनेय २ ॥

–स्यात्पारस्त्रैणेयस्तु परस्त्रियाः२४॥

परस्त्रीके पुत्रका नाम १–पारस्त्रैणेय १ ॥ २४ ॥

पैतृष्वसेयः स्यात्पैतृष्वस्रीयश्च पितृष्वसुः । सुतो–

पिताकी बहन अर्थात् भूवाके पुत्रके नाम २–पैतृष्वसेय १ पैतृष्वस्रीय २ ॥

–मातृष्वसुश्चैवं–

मौसीके पुत्रके नाम २–मातृष्वसेय १ मातृष्वस्रीय २ ॥

–वैमात्रेयो विमातृजः ॥ २५ ॥

सौतेले भाईके नाम २–वैमात्रेय १ विमातृज २ ॥ २५ ॥

अथ बान्धकिनेयः स्याद्बन्धुलश्चासतीसुतः । कौलटेरः कौलटेयो–

कुलटाके पुत्रके नाम ५-
बान्धकिनेय १ बन्धुल २ असतीसुत
३ कौलटेर ४ कौलटेय ५ ॥

-भिक्षुकी तु सती यदि ॥२६॥
तदा कौलटिनेयोऽस्याः कौल
टेयोऽपि चात्मजः ।

जो सती भिक्षाके निमित्त घरोंमें
फिरै ॥ २६ ॥ उसके पुत्रके नाम २-
कौलटिनेय १ कौलटेय २ ॥

आत्मजस्तनयःसूनुःसुतः पुत्रः-
पुत्रके नाम ५-आत्मज १ तनय
२ सूनु ३ सुत ४ पुत्र ५ ॥

-स्त्रियां त्वमी ॥ २७ ॥
आहुर्दुहितरं सर्वे-

जो पुत्रके नाम स्त्रीलिंगमें हों तो
पुत्रीके नाम हो जाते हैं ॥ २७ ॥

-ऽपत्यं तोकं तयोः समे ।

पुत्र पुत्री साधारणके नाम २-
अपत्य १ तोक २ ॥

-स्वजाते त्वौरसोरस्यौ-
सगेपुत्रके नाम २-औरस १
उरस्य २ ॥

-तातस्तु जनकः पिता ॥२८॥
पिताके नाम ३-तात १ जनक२
पितृ ३ ॥ २८ ॥

जनयित्री प्रसूर्माता जननी-
माताके नाम ४ -जनयित्री १
प्रसू २ मातृ ३ जननी ४ ॥

-भगिनी स्वसा ।
बहिनके नाम २-भगिनी १
स्वसृ २ ॥

ननान्दा तु स्वसा पत्यु-
ननन्दका नाम १-ननान्दृ १ ॥

-नप्त्री पौत्री सुतात्मजा॥२९॥
नातिनिके नाम ३-नप्त्री १
पौत्री २ सुतात्मजा ३ ॥ २९ ॥

भार्यास्तु भ्रातृवर्गस्य यातरः
स्युः परस्परम् ।

आपसमें भ्रातृवर्गकी स्त्रियोंका नाम
१-यातृ १ ॥

प्रजावती भ्रातृजाया-
भौजाईके नाम २-प्रजावती १
भ्रातृजाया २ ॥

-मातुलानी तु मातुली ॥३०॥
मामीके नाम २-मातुलानी
१ मातुली २ ॥ ३० ॥

पतिपत्न्योः प्रसूः श्वश्रूः-
पति और स्त्रीकी माताका नाम
१-श्वश्रू १ ॥

-श्वशुरस्तु पिता तयोः ।
पति और स्त्रीके पिताका नाम १-
श्वशुर १ ॥

पितुर्भ्राता पितृव्यः स्या-
चाचा या ताऊका नाम १-पितृव्य १॥

-न्मातुर्भ्राता तु मातुलः ॥ ३१ ॥

मामाके नाम २—मातुर्भ्रातृ १—मातुल २ ॥ ३१ ॥

श्यालाः स्युर्भ्रातरः पत्न्याः—

शालेका नाम १—श्याल १॥

—स्वामिनो देवृदेवरौ ।

देवरके नाम २—देवृ १ देवर २॥

स्वस्त्रीयो भागिनेयः स्या—

भानजेके नाम २—स्वस्त्रीय १ भागिनेय २ ॥

—जामाता दुहितुः पतिः॥३२॥

जमाईके नाम २—जामातृ १ दुहितुःपति २ ॥ ३२ ॥

पितामहः पितृपिता—

दादाके नाम २—पितामह १ पितृपितृ २ ॥

—तत्पिता प्रपितामहः ।

परदादाका नाम १—प्रपितामह ॥

मातुर्मातामहाद्येवं—

इस प्रकार (नानाका नाम) मातामह (परनानाका) प्रमातामह ॥

सपिण्डास्तु सनाभयः ॥ ३३ ॥

सपिण्डके नाम २—सपिण्ड १ सनाभि २ ॥ ३३ ॥

समानोदर्यसोदर्यसगर्भ्यसहजाः समाः ।

सगे भाईके नाम ४—समानोदर्य १ सोदर्य २ सगर्भ्य ३ सहज ४ ॥

सगोत्रबान्धवज्ञातिबन्धुस्वस्वजनाः समाः ॥ ३४ ॥

एक गोत्रवालोंके अर्थात् समगोत्रियोंके नाम ६—सगोत्र १ बान्धव २ ज्ञाति ३ बन्धु ४ स्व५स्वजन ६॥३४॥

ज्ञातेयं बन्धुता तेषां क्रमाद्भावसमूहयोः ।

बिरादरीके भावका नाम १—ज्ञातेय १ ॥ परिवारके समूहका नाम १—बन्धुता १ ॥

धवः प्रियः पतिर्भर्ता—

पतिके नाम ४—धव १ प्रिय २ पति ३ भर्तृ ४ ॥

—जारस्तूपपतिः समौ ॥ ३५ ॥

जिसके साथ व्याही हो उससे अन्यसे मैथुन करती हो तो उस पतिके नाम २—जार१उपपति२॥३५॥

अमृते जारजः कुण्डो—

आपने पतिके जीते ही अन्य पतिसे जो पुत्र हो उसका नाम १—कुण्ड१ ॥

—मृते भर्तरि गोलकः ।

जो पतिके मरनेपर अन्य पतिसे उत्पन्न हो उसका नाम १—गोलक १ ॥

भ्रात्रीयो भ्रातृजो—

भतीजेके नाम २—भ्रात्रीय १ भ्रातृज२॥

—भ्रातृभागिन्यौ भ्रातरावुभौ॥३६॥

बहिनभाईके नाम २—भ्रातृभगिनी (न्यौ) १ भ्रातृ (तरौ)२ ॥३६ ॥

मातापितरौ पितरौ मातरपितरौ प्रसूजनयितारौ ।

जहां मातापिताको साथही कहना हो उसके नाम ४—मातापितृ (तरौ) १ पितृ (तरौ) २ मातरपितृ (तरौ) ३ प्रसूजनयितृ (तारौ) ४ ॥

श्वश्रूश्वशुरौ श्वशुरौ—

ऐसे ही सासु ससुरके नाम २—श्वश्रूश्वशुर(रौ) १ श्वशुर (रौ) २ ॥

—पुत्रौ पुत्रश्च दुहिता च॥३७॥

इसी प्रकार कन्यापुत्रका नाम १॥ पुत्र (त्रौ) १ ॥ ३७ ॥

दंपती जंपती जायापती भर्यापती च तौ ।

स्त्रीपुरुषके इकट्ठे नाम ४—दम्पति (ती) १ जम्पति (ती) २ जायापति (ती) २ भार्यापति (ती) ४ ॥

गर्भाशयो जरायुः स्या—

गर्भस्थानके नाम २—गर्भाशय १ जरायु २ ॥

—दुल्बं च कललोऽस्त्रियाम्॥३८॥

गर्भबन्धनके नाम २—उल्ब १ कलल २ ॥ ३८ ॥

सूतिमासो वैजननो—

गर्भ रहनेसे नवमें वा दशमें मासके नाम जिसमें बालक पैदा होता हैं २—सूतिमास १ वैजनन २ ॥

—गर्भो भ्रूण इमौ समौ ।

गर्भके नाम २—गर्भ १ भ्रूण २ ॥

तृतीयाप्रकृतिः षण्ढः क्लीबः षण्डो नपुंसके ॥ ३९ ॥

हीजडेके नाम ५—तृतीयाप्रकृति १ षण्ढ २ क्लीब ३ षण्ड ४ नपुंसक ५ ॥ ३९ ॥

शिशुत्वं शैशवं बाल्यं—

लडकपनके नाम १—शिशुत्व शैशव २ बाल्य ३ ॥

—तारुण्यं यौवनं समे ।

जवानीके नाम २—तारुण्य १ यौवन २ ॥

स्यात्स्थाविरं तु वृद्धत्वं—

बुढापेके नाम २—स्थाविर १ वृद्धत्व २ ॥

—वृद्धसंघेऽपि वार्धकम् ॥४०॥

बूढोंके समूहका नाम १—वार्धक १ ॥ ४० ॥

पलितं जरसा शौक्ल्यं केशादेः—

अतिबुढापेमें केश आदिकमें जरा करिकै जो सफेदी आती है उसका नाम १—पलित १ ॥

—विस्रसा जरा ।

बुढाईके नाम २—विस्रसा १ जरा २॥

स्यादुत्तानशया डिम्भा स्तनपा च स्तनन्धयी ॥ ४१ ॥

दूधपिई छोटी लडकीके नाम ४- उत्तानशया १ डिम्भा २ स्तनपा ३ स्तनन्धयी ४ ॥ ४१ ॥

बालस्तु स्यान्माणवको-

सोलह वर्षपर्यन्त लडकेके नाम२- बाल १ माणवक २ ॥

-वयःस्थस्तरुणो युवा ।

जवानपुरुषके नाम ३-वयःस्थ १ तरुण २ युवन् ३ ॥

प्रवयाः स्थविरो वृद्धो जीनो जीर्णो जरन्नपि ॥ ४२ ॥

बूढेके नाम ६- प्रवयस् १ स्थविर २ वृद्ध ३ जीन ४ जीर्ण ५ जरत् ६ ॥ ४२ ॥

वर्षीयान्दशमी ज्यायान्-

अतिबूढेके नाम ३-वर्षीयस् १ दशमिन् २ ज्यायस् ३ ॥

-पूर्वजस्त्वग्रियोऽग्रजः ।

ज्येष्ठ भाईके नाम ३-पूर्वज १ अग्रिय २ अग्रज ३ ॥

जघन्यजे स्युः कनिष्ठयवीयोऽवरजानुजाः ॥ ४३ ॥

छोटे भाईके नाम ५-जघन्यज १ कनिष्ठ २ यवीयस् ३ अवरज ४ अनुज ५ ॥ ४३ ॥

अमांसो दुर्बलश्छातो-

दुबलेके नाम ३- अमांस १ दुर्बल २ छात ३ ॥

बलवान्मांसलोंऽसलः ।

बलवान्के नाम ३- बलवत् १ मांसल २ अंसल ३ ॥

तुन्दिलस्तुन्दिभस्तुन्दी बृहत्कुक्षिः पिचाण्डिलः ॥ ४४ ॥

बडे पेटवालेके नाम ५ - तुंदिल तुंदिभ २ तुन्दिन् ३ बृहत्कुक्षि ४ पिचण्डिल ॥ ४४ ॥

अवटीटोऽवनाटश्चाऽवभ्रटो नतनासिके ।

चपटी नाकवालेके नाम३-अवटीट १ अवनाट २ अवभ्रट ३

केशवः केशिकः केशी-

अच्छे बालवालेके नाम३-केशव १ केशिक २ केशिन् ३ ॥

वलिनो वलिभः भौ ॥ ४५ ॥

जिसकी बुढ़ापेके मारे खाल सिकुर-गयी हो उसके नाम २- वलिन १ वलिभ २ ॥ ४५ ॥

विकलांगस्त्वपोगण्डः-

जिसका अपनेहीसे कोई अंग अधिक वा कम हो उसके नाम२- विकलांग १ अपोगण्ड २ ॥

खर्वो ह्रस्वश्च वामनः ।

बौनेके नाम ३-खर्व १ ह्रस्व २ वामन ३ ॥

खरणाः स्यात्खरणसो-

जिसकी तीखी नाक हो उसके नाम २– खरणस् १ खरणस २ ॥

विग्रस्तु गतनासिकः ॥ ४६ ॥

नकटेके नाम २– विग्र १ गतनासिक २ ॥ ४६ ॥

खुरणाः स्यात्खुरणसः–

जिसकी पशुके खुरकी सदृश नासिका हो उसके नाम २– खुरणस् १ खुरणस २ ॥

प्रज्ञुः प्रगतजानुकः ।

वातआदि रोगसे जिसके घुटने बहुत दूर २ होगये हों उसके नाम २– प्रज्ञु १ प्रगतजानुक २ ॥

ऊर्ध्वज्ञुरूर्ध्वजानुः स्यात्–

जिसके घुटने ऊंचे हों उसके नाम २– ऊर्ध्वज्ञु १ ऊर्ध्वजानु २ ॥

–संज्ञुः संहतजानुकः ॥ ४७ ।

जिसके घुटने मिले हुए हों उसके नाम २–संज्ञु १ संहतजानुक २ ॥ ४७ ॥

स्यादेडे बधिरः–

बहिरेके नाम २–एड १ बधिर २ ॥

–कुब्जे गडुलः–

कुबडेके नाम २–कुब्ज १ गडुल २ ॥

–कुकरे कुणिः ।

जिसके हातमें रोगादिसे कुछ विकार हो उसके नाम २–कुकर १ कुणि २ ॥

पृश्निरल्पतनौ–

जिसका बहुत ही छोटा शरीर हो उसके नाम २–पृश्नि १ अल्पतनु २ ॥

–श्रोणः पंगौ–

लूलेके नाम २–श्रोण १ पंगु २ ॥

–मुण्डस्तु मुण्डिते ॥ ४८ ॥

जिसका शिर मुँडाहुआ हो उसके नाम २–मुण्ड १ मुण्डित २ ॥ ४८ ॥

–वलिरः केकरे–

भेंडे (जिसके नेत्रकी पुतली फिरती हो) उसके नाम २–वलिर १ केकर २ ॥

–खोडे खञ्ज–

लंगडेके नाम २–खोड १ खञ्ज २ ॥

–स्त्रिषु जरावराः ।

जडुलः कालकः पिप्लु–

जिसके अंगमें लशुनाकारका चिह्न हो उसके नाम ३–जडुल १ कालक २ पिप्लु ३

–स्तिलकस्तिलकालकः ॥ ४९ ॥

देहके तिलके नाम २–तिलक १ तिलकालक २ ॥ ४९ ॥

अनामयं स्यादारोग्यं–

विना रोगके नाम २–अनामय १ आरोग्य २ ॥

–चिकित्सा रुक्प्रतिक्रिया ।

इलाज करनेके नाम २–चिकित्सा १ रुक्प्रतिक्रिया २ ॥

भेषजौषधभैषज्यान्यगदो जायुरित्यपि ॥ ५० ॥

औषधके नाम ५—भेषज १ औषध २ भैषज्य ३ अगद ४ जायु ॥५०॥

—स्त्री रुग्रुजा चोपतापरोगव्याधिगदामयाः ।

रोगके नाम ७—रुज् १ रुजा २ उपताप ३ रोग ४ व्याधि ५ गद ६ आमय ७ ॥

क्षयः शोषश्च यक्ष्मा च—

क्षय रोगके नाम ३—क्षय १ शोष २ यक्ष्मन् ३ ॥

—प्रतिश्यायस्तु पीनसः ॥५१॥

पीनसरोगके नाम २—प्रतिश्याय १ पीनस २ ॥ ५१ ॥

—स्त्री क्षुत्क्षुतं क्षवः पुंसि—

छीकके नाम ३—क्षुत् १ क्षुत २ क्षव ३॥

—कासस्तु क्षवथुः पुमान् ।

खांसीके नाम २—कास १ क्षवथु २॥

शोफस्तु श्वयथुः शोथः—

सूजनके नाम ३—शोफ १ श्वयथु २ शोथ ३ ॥

—पादस्फोटो विपादिका॥५२॥

बिवायी रोगके नाम २—पादस्फोट १ विपादिका २॥ ५२ ॥

किलाससिध्मे—

सेहुवाँ (सीप) के नाम २—किलास १ सिध्म २ ॥

कच्छूः तु पामपामे विचर्चिका ।

खाजुरोगके नाम ४—कच्छू १ पामन् २ पामा ३ विचर्चिका ४ ॥

कण्डूः खर्जूश्च कण्डूया—

खुजलीके नाम ३—कण्डू १ खर्जू २ कण्डूया ३ ॥

—विस्फोटः पिटकोऽस्त्रियाम् ॥ ५३ ॥

फोडेके नाम २—विस्फोट १ पिटक २ ॥ ५३ ॥

व्रणोऽस्त्रियामीर्ममरुः क्लीबे—

घावके नाम ३—व्रण १ ईर्म्म २ अरुस् ३॥

—नाडीव्रणः पुमान् ।

नासूरका नाम १—नाडीव्रण १ ॥

कोठो मण्डलकं—

जो गोल उज्वल चन्दे पड जाते हैं उस कोढके नाम २—कोठ १ मण्डलक २ ॥

—कुष्ठश्वित्रे—

छाजनके नाम २—कुष्ठ १ श्वित्र २॥

—दुर्नामकार्शसी ॥ ५४ ॥

बवासीरके नाम २—दुर्नामक १ अर्शस् २ ॥५४ ॥

आनाहस्तु विबन्धः स्याद्—

कजई जिसमें मल मूत्र रुक जाय उस रोगके नाम २—आनाह १ विबन्ध २ ॥

—ग्रहणी रुक्प्रवाहिका ।

संग्रहणी रोगके नाम २—ग्रहणी १ प्रवाहिका २ ॥

प्रच्छर्दिका वमिश्च स्त्री पुमांस्तु वमथुः समाः ॥ ५५ ॥

उलटी अर्थात् वमनके नाम ३—प्रच्छर्दिका १ वमि २ वमथु ३॥५५॥

व्याधिभेदा विद्रधिः स्त्री ज्वरमेहभगन्दराः ।

व्यरथिया(एक प्रकारका फोडा) का नाम १—विद्रधि १ ॥ज्वरका नाम १—ज्वर १ ॥ प्रमेहका नाम १—मेह १॥ भगन्दर अर्थात् गुदसमीपके फोडेका नाम १—भगन्दर १ ॥

अश्मरी मूत्रकृच्छ्रं स्यात्—

कर्करोग अर्थात् पथरीरोगके नाम २—अश्मरी १ मूत्रकृच्छ्र २ ॥

—पूर्वे शुक्रावधेस्त्रिषु ॥ ५६ ॥

यहांसे लेकर शुक्रशब्दके पहले२ के शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं॥ ५६ ॥

रोगहार्यगदंकारो भिषग्वैद्यौ चिकित्सके ॥

वैद्यके नाम ५—रोगहारिन् १ अगदंकार २ भिषज् ३ वैद्य ४ चिकित्सक ५ ॥

वार्त्तो निरामयः कल्य उल्लाघो निर्गतो गदात् ॥ ५७ ॥

रोगरहितके नाम ४—वार्त १ निरामय २ कल्य ३ उल्लाघ ४ ॥ ५७ ॥

ग्लानग्लास्नू—

रोगवशसे क्षीण होजानेवालेके नाम २—ग्लान १ ग्लास्नु २ ॥

—आमयावी विकृतो व्याधितोऽपटुः ।

आतुरोऽभ्यमितोऽभ्यान्तः—

रोगीके नाम ७—आमयाविन् १ विकृत २ व्याधित ३ अपटु ४ आतुर ५ अभ्यमित ६ अभ्यान्त ७ ॥

—समौ पामनकच्छुरौ ॥ ५८॥

खुजलीवालेके नाम २—पामन १ कच्छुर २ ॥ ५८ ॥

दद्रुणो दद्रुरोगी स्या—

दद्रुरोगीके नाम २—दद्रुण १ दद्रुरोगिन् ॥ २ ॥

—दर्शोरोगयुतोऽर्शसः ।

बवासीररोगीका नाम १—अर्शस १॥

वातकी वातरोगी स्यात्—

वातरोगीके नाम २—वातकिन् १ वातरोगिन् २ ॥

सातिसारोऽतिसारकी ॥ ५९ ॥

जिसको बहुत दस्त हों उसके नाम २—सातिसार १ अतिसारकिन् २॥५९॥

स्युः क्लिन्नाक्षे चुल्लचिल्लपिल्लाः क्लिन्नेऽक्षिण चाप्यमी ।

चुन्धेके नाम ४–क्लिन्नाक्ष १ चुल्ल २ चिल्ल ३ पिल्ल ४ ॥

उन्मत्त उन्मादवति–

उन्मत्त अर्थात् बावलेके नाम २ उन्मत्त १ उन्मादवत् २ ॥

–श्लेष्मलःश्लेष्मणःकफी॥६०॥

कफरोगवालेके नाम ३–श्लेष्मल १ श्लेष्मण २ कफिन् ३ ॥ ६०॥

न्युब्जो भुग्ने रुजा–

कुबडेका नाम १–न्युब्ज १ ॥

–वृद्धनाभौ तुन्दिलतुन्दिभौ ।

जिसकी वातरोगसे नाभि बढजाय उसके नाम ३–वृद्धनाभि १ तुन्दिल २ तुन्दिभ ३ ॥

किलासी सिध्मलो–

किलास (सींपू) रोगीके नाम२–किलासिन् १ सिध्मल २ ॥

–ऽन्धोऽदृक्–

अन्धेके नाम २–अन्ध १ अदृश् २ ॥

मूर्छाले मूर्तमूर्छितौ ॥ ६१ ॥

बेहोशीके नाम ३–मूर्च्छाल १ मूर्त २ मूर्छित ३ ॥ ६१ ॥

शुक्रं तेजोरेतसी च बीजवीर्येन्द्रियाणि च ।

धातुक नाम ६–शुक्र १ तेजस् २ रेतस् २ बीज ४ वीर्य ५ इंद्रिय ६ ॥

मायुः पित्तं–

पित्तके नाम २–मायु १ पित्त२॥

–कफः श्लेष्मा–

कफके नाम २–कफ१ श्लेष्मन्२॥

–स्त्रियां तु त्वगसृग्धरा ॥६२॥

खालके नाम २–त्वच् १ असृग्धरा २ ॥ ६२ ॥

पिशितं तरसं मांसं पललं क्रव्यमामिषम् ।

मांसके नाम ६–पिशित १ तरस २ मांस ३ पलल ३क्रव्य२आमिष६॥

उत्तप्तं शुष्कमांसं स्यात्तद्वल्लूरं त्रिलङ्गकम् ॥ ६३ ॥

सूखे मांसके नाम ३–उत्तप्त १ शुष्कमांस २ वल्लूर ३ ॥ ६३ ॥

रुधिरेऽसृग्लोहितास्रं रक्तक्षतजशोणितम् ।

रुधिरके नाम ७–रुधिर१ असृज् २ लोहित ३ अस्र ४ रक्त ५ क्षतज ६ शोणित ७ ॥

बुक्काग्रमांसं–

कलेजेके नाम २–बुक्का १ अग्रमांस २ ॥

–हृदयं हृ–

हृदयके नाम २–हृदय१ हृद्२॥

–न्मेदस्तु वपा वसा ॥ ६४ ॥

चरबीके नाम ३—मेदस् १ वपा २ वसा ३ ॥ ६४ ॥

पश्चाद्ग्रीवाशिरा मन्या—

गलेके पीछेकी नसका नाम १—मन्या १॥

नाडी तु धमनिः शिरा ।

नाडीके नाम३—नाडी १ धमनि २ शिरा ३ ॥

तिलकं क्लोम—

शरीरके तिलके नाम २—तिलक १ क्लोमन् २ ॥

—मस्तिष्कं गोर्दं—

गुर्देके नाम २—मस्तिष्क १ गोर्द २॥

—किट्टं मलोऽस्त्रियाम् ॥ ६५ ॥

मैलके नाम२-किट्ट१मल२॥६५॥

अन्त्रं पुरीतद्—

आंतोंके नाम २—अन्त्र १पुरीतत्॥

—गुल्मस्तु प्लीहा पुं—

पलैया (तिल्ली) रोगके नाम २-गुल्म १ प्लीहन् २ ॥

—स्यथ वस्नसा । स्नायुः स्त्रियां—

नसके नाम २—वस्नसा १ स्नायु२॥

—कालखण्डयकृती तु समे इमे ॥ ६६ ॥

पेटमें जो दहिनी ओर बबिया हो उसके नाम २—कालखण्ड १ यकृत् २ ॥ ६६ ॥

सृणिका स्यन्दिनी लाला—

लारके नाम ३—सृणिका १ स्यन्दिनी २ लाला ३ ॥

—दूषिका नेत्रयोर्मलम् ।

कीचड (गीड) का नाम १—दूषिका १॥

मूत्रं प्रस्राव—

मूतके नाम २— मूत्र १ प्रस्राव२॥

—उच्चारावस्करौ शमलं शकृत् ॥ ६७ ॥ पुरीषं गूथवर्चस्कमस्त्री विष्ठाविशौ स्त्रियौ ।

विष्ठाके नाम ९—उच्चार १ अवस्कर २ शमल ३ शकृत् ४ ॥ ॥ ६७ ॥ पुरीष ५ गूथ ६ वर्चस्क७ विष्ठा ८ विश् ९ ॥

स्यात्कर्परः कपालोऽस्त्री—

कपालके नाम २—कर्पर १ कपाल२॥

कीकसं कुल्यमास्थि च ॥६८ ॥

हड्डीके नाम ३—कीकस १ कुल्य २ अस्थि ३ ॥ ६८ ॥

स्याच्छरीरास्थि कंकालः—

खांकरका नाम १—कंकाल १ ॥

—पृष्ठास्थिन तु कशेरुका ।

पीठकी हड्डीका नाम १-कशेरुका १॥

शिरोऽस्थनि करोटिः स्त्री—

खोपडीका नाम १—करोटि १ ॥

—पार्श्वास्थनि तु पर्शुका॥६९॥

पशलीका नाम १—पर्शुका १ ॥६९॥

अङ्गं प्रतीकोऽवयवोऽपघनो—

अङ्गके नाम ४—अंग १ प्रतीक२ अवयव ३ अपघन ४ ॥

—ऽथ कलेवरम् ।

गात्रं वपुः संहननं शरीरं वर्ष्म विग्रहः ॥ ७० ॥ कायो देहः क्लीबपुंसोः स्त्रियां मूर्तिस्तनुस्तनूः ।

देहके नाम १२—कलेवर १ गात्र २ वपुष् ३ संहनन ४ शरीर५ वर्ष्मन् ६ विग्रह ७ ॥ ७० ॥ काय ८देह९ मूर्ति १० तनु ११ तनू १२ ॥

पादाग्रं प्रपदं—

पांवके आगेके नाम २—पादाग्र १ प्रपद २ ॥

—पादः पदंघ्रिश्चरणोऽस्त्रियाम्७१॥

पांवके नाम४—पाद १ पद् २ अंघ्रि ३ चरण ४ ॥ ७१ ॥

तद्ग्रन्थी घुटिके गुल्फौ—

टांकनोंके नाम २—घुटिका १ गुल्फ २ ॥

—पुमान्पार्ष्णिस्तयोरधः ।

एडीका नाम१—पार्ष्णि १ ॥

जंघा तु प्रसृता—

जंघा (पींडी) के नाम २—जंघा १ प्रसृता २ ॥

—जानूरुपर्वाष्ठीवदस्त्रियाम्७२

जानुके नाम ३—जानु १ ऊरु, पर्वन् २ अष्ठीवत् ३ ॥ ७२ ॥

सक्थि क्लीबे पुमानूरु—

निरोहके नाम२—सक्थि १ऊरु२॥

—स्तत्सन्धिः पुंसि वङ्क्षणः ।

टिहुनीका नाम १—वंक्षण १ ॥

गुदं त्वपानं पायुर्ना—

गुदाके नाम ३—गुद १अपान २ पायु ३ ॥

बस्तिर्नाभेरधो द्वयोः ॥ ७३ ॥

जहां मूत्र रहता है अर्थात् पेडूका नाम १—बस्ति २ ॥ ७३ ॥

कटो ना श्रोणिफलकं—

कमरके दोनों बगलके नाम ३—कट १ श्रोणि २ फलक ३ ॥

—कटिः श्रोणिः ककुद्मती ।

कमरके नाम ३—कटि १श्रोणि२ ककुद्मती ३ ॥

पश्चान्नितम्बः स्त्रीकट्याः—

स्त्रीके चूंतरका नाम १—नितम्ब१॥

—क्लीबे तु जघनं पुरः ॥ ७४ ॥

स्त्रीके जांघका नाम १—जघन १ ॥ ॥ ७४ ॥

कूपकौ तु नितम्बस्थौ द्वयहीने कुकुन्दरे ।

नितम्बमें जो दो गड्ढे होते हैं उनका नाम १—कुकुन्दर १ ॥

स्त्रियां स्फिचौ कटिप्रोथा—

कूलेके नाम२-स्फिच्१कटिप्रोथ२॥

—वुपस्थो वक्ष्यमाणयोः॥७५॥

लिंगयोनिका नाम १—उपस्थ १॥७५॥

भगं योनिर्द्वयोः—

योनिके नाम २—भग १ योनि२॥

—शिश्नो मेढ्रं मेहनशेफसी ।

लिंगके नाम ४—शिश्न १मेढ्र २ मेहन ३ शेफस् ४ ॥

मुष्कोऽण्डकोशो वृषणः—

अण्डकोशके नाम ३—मुष्क १ अण्डकोश २ वृषण ३ ॥

पृष्ठवंशाधरे त्रिकम् ॥ ७६ ॥

पीठके बांसके नीचे जहां तीन हाड मिले हैं उस जोडका नाम १—त्रिक १ ॥ ७६ ॥

पिचण्डकुक्षी जठरोदरं तुन्दं—

पेटके नाम ५—पिचण्ड १ कुक्षि २ जठर ३ उदर ४ तुन्द ५ ॥

—स्तनौ कुचौ ।

कुचके नाम २—स्तन १ कुच२॥

चूचुकं तु कुचाग्रं स्या—

कुचके अग्रभागके नाम २—चूचुक १ कुचाग्र २ ॥

—न्न ना क्रोडं भुजान्तरम्७७ ॥

गोदके नाम २—क्रोड १ भुजान्तर २ ॥ ७७ ॥

उरो वत्सं च वक्षश्च-

हृदयके नाम ३—उरस् १ वत्स १ वक्षस् ३ ॥

—पृष्ठं तु चरमं तनोः ।

पीठका नाम १—पृष्ठ १॥

स्कन्धो भुजशिरोंऽसोऽस्त्री—

कंधेके नाम ३—स्कन्ध १ भुजशिरस् २ अंस ३ ॥

—सन्धी तस्यैव जत्रुणी ॥७८॥

हँसलीका नाम १—जत्रु१ ॥७८॥

बाहुमूले उभे कक्षौ—

बगलोंका नाम १—कक्ष १ ॥

पार्श्वमस्त्री तयोरधः ।

बगलके नीचेका नाम १—पार्श्व१॥

मध्यमं चावलग्नं च मध्योऽस्त्री—

पेटके नीचेका और करके ऊपरके भागके नाम ३—मध्यम १ अवलग्न २ मध्य ३ ॥

—द्वौ परौ द्वयोः ॥ ७९ ॥

भुजबाहू प्रवेष्टो दोः स्यात्—

बांहके नाम ४—॥७९ ॥ भुज १ बाहु २ प्रवेष्ट ३ दोस् ४ ॥

—कफोणिस्तु कूर्प्परः ।

कोनीके नाम २—कफोणि १ कूर्पर २ ॥

अस्योपरि प्रगण्डः स्यात्—

कोनीके ऊपरका नाम१-प्रगण्ड१॥

-प्रकोष्ठस्तस्य चाप्यधः ॥८०॥

कोनीके नीचेका नाम१—प्रकोष्ठ १ ॥ ८० ॥

मणिबन्धादाकनिष्ठं करस्य करभो बहिः ।

मणिबन्धसे कनिष्ठांगुलीपर्यन्तका नाम १—करभ १ ॥

पञ्चशाखः शयः पाणि—

हाथके नाम ३—पञ्चशाख १ शय २ पाणि ३ ॥

—स्तर्जनीः स्यात्प्रदेशिनी॥८१॥

हाथके अँगूठेके पासकी अंगुलीके नाम २—तर्जनी १ प्रदेशिनी २ ॥ ८१ ॥

अंगुल्यः करशाखाः स्युः—

अंगुलियोंके नाम २—अंगुली १ करशाखा २ ॥

—पुंस्यंगुष्ठः—

अंगूठाका नाम १—अंगुष्ठ १ ॥

—प्रदेशिनी—

अंगूठाके पासवाली अंगुलीका नाम १—प्रदेशिनी १ ॥

मध्यमाऽनामिका चापि कनिष्ठा चेति ताः क्रमात् ॥ ८२ ॥

बीचवाली अंगुलीका नाम १—मध्यमा १ ॥

बीचवाली और कनअंगुलीके बीचवालीका नाम १—अनामिका १ ॥

कन अंगुलीका नाम १—कनिष्ठा १ ॥ ८२ ॥

पुनर्भवः कररुहो नखोऽस्त्री नखरोऽस्त्रियाम् ।

नाखूनोंके नाम ४—पुनर्भव १ कररुह २ नख ३ नखर ४ ॥

प्रादेशतालगोकर्णास्तर्जन्यादियुते तते ॥ ८३ ॥

अंगुष्ठ तर्जनीतककी लम्बाईका नाम १—प्रादेश १ ॥

अंगुष्ठ बीचवालीके फैलानेकी लंबाईका नाम १—ताल १ ॥

अंगुष्ठ अनामिकाके फैलानेकी लम्बाईका नाम १—गोकर्ण १॥८३॥

अंगुष्ठे सकनिष्ठे स्याद्वितस्तिर्द्वादशांगुलः ।

नापनेमें बिलस्तके नाम २—वितस्ति १ द्वादशांगुल २ ॥

पाणौ चपेटप्रतलप्रहस्ता विस्तृतांगुलौ ॥ ८४ ॥

थप्पडके नाम ३—चपेट १ प्रतल २ प्रहस्त ३ ॥ ८४ ॥

द्वौ संहतौ संहतलप्रतलौ वामदक्षिणौ ।

दुहत्थडेके नाम २—संहतल प्रतल २॥

पाणिर्विकुब्जः प्रसृति—

चुलूका नाम १—प्रसृति १ ॥

—स्तौ युतावञ्जलिः पुमान्॥८५॥

अंजलिका नाम १—अञ्जलि १ ॥ ८५ ॥

प्रकोष्ठे विस्तृतकरे हस्तो—

हाथका नाम १—हस्त १ ॥

—मुष्ट्या तु बद्धया ।

सरत्निः स्या—

मुट्ठी बांधे हाथका नाम १—(सरत्नि) रत्नि १ ॥

—दरत्निस्तु निष्कनिष्ठेन मुष्टिना ॥ ८६ ॥

कनिअंगुलियांको छोडके मुट्ठी बांधे हाथका नाम १—अरत्नि १ ॥ ८६ ॥

व्यामो बाह्वोः सकरयोस्ततयोः स्तिर्यगन्तरम् ।

हाथ फैलानेका नाम १—व्याम १ ॥

ऊर्ध्वविस्तृतदोः पाणिर्नृमाने पौरुषं त्रिषु ॥ ८७ ॥

ऊपरको हाथ उठाके नापनेका नाम १—पौरुष १ ॥ ८७ ॥

कण्ठो गलो—

गलेके नाम २—कण्ठ १ गल २ ॥

—ऽथ ग्रीवायां शिरोधिः कन्धरेत्यपि ।

गर्दनके नाम ३—ग्रीवा १ शिरोधि २ कन्धरा ३ ॥

कम्बुग्रीवा त्रिरेखा सा—

तीन रेखासे युक्त गर्दनका नाम १—कम्बुग्रीवा १ ॥

—ऽवटुर्घाटा कृकाटिका ॥ ८८ ॥

घांटीके नाम ३—अवटु १ घाटा २ कृकाटिका ३ ॥ ८८ ॥

वक्त्रास्ये वदनं तुण्डमाननं लपनं मुखम् ।

मुँहके नाम ७—वक्त्र १ आस्य २ वदन ३ तुण्ड ४ आनन ५ लपन ६ मुख ७ ॥

क्लीबे घ्राणं गन्धवाहा घोणा नासा च नासिका ॥ ८९ ॥

नाकके नाम ५—घ्राण १ गन्धवहा २ घोणा ३ नासा ४ नासिका ५ ॥ ८९ ॥

ओष्ठाधरौ तु रदनच्छदौ दशनवाससी ।

होठके नाम ४—ओष्ठ १ अधर २ रदनच्छद ३ दशनवासस् ४ ॥

अधस्ताच्चिबुकं—

ठोडीका नाम १—चिबुक १ ॥

—गण्डौ कपोलौ—

गालके नाम २—गण्ड १ कपोल २ ॥

—तत्परा हनुः ॥ ९० ॥

कनपटीका नाम १—हनु १ ॥ ९० ॥

रदना दशना दन्ता रदा—

दांतके नाम ४—रदन १ दशन २ दन्त ३ रद ४ ॥

—स्तालु तु काकुदम् ।

तालुएके नाम २—तालु १ काकुद २ ॥

रसज्ञा रसना जिह्वा-
जीभके नाम ३-रसज्ञा १ रसना २ जिह्वा ३॥

प्रान्तावोष्ठस्य सृक्किणी ॥९१॥
होठोंके किनारोंका नाम१-सृक्किणी १ ॥ ९१ ॥

ललाटमलिकं गोधि-
लिलारके नाम ३-ललाट १-अलिक २ गोधि ३ ॥

-रूर्ध्वे दृग्भ्यां भ्रुवौ स्त्रियौ ॥
भौंहका नाम १-भ्रू १ ॥

कूर्चमस्त्री भ्रुवोर्मध्यं-
भौंहके बीचका नाम १-कूर्च १॥

तारकाक्ष्णः कनीनिका ॥ ९२॥
आंखके तिलका नाम१-तारका१॥९२

लोचनं नयनं नेत्रमीक्षणं चक्षुरक्षिणी । दृग्दृष्टी चा-
आंखके नाम८-लोचन १ नयन२ नेत्र ३ ईक्षण ४ चक्षुष् ५ अक्षि ६ दृश् ७ दृष्टि ८ ॥

-ऽस्रु नेत्राम्बु रोदनं चास्र-मश्रु च ॥ ९३ ॥
आंसूके नाम५-अस्रु१नेत्राम्बु २ रोदन ३ अस्र ४ अश्रु ५ ॥ ९३ ॥

अपाङ्गौ नेत्रयोरन्तौ-
आंखके किनारोंका नाम १-अपांग १ ॥

-कटाक्षोऽपाङ्गदर्शने ।
अपांगसे देखनेका नाम१-कटाक्ष १

कर्णशब्दग्रहौ श्रोत्रं श्रुतिः स्त्री श्रवणं श्रवः ॥ ९४ ॥
कानके नाम६-कर्ण १ शब्दग्रह२ श्रोत्र३श्रुति४ श्रवण५श्रवस्६॥९४॥

उत्तमाङ्गं शिरः शीर्षं मूर्द्धा ना मस्तकोऽस्त्रियाम् ।
शिरके नाम ५-उत्तमांग१ शिरस् २ शीर्ष ३ मूर्धन् ४ मस्तक५ ॥

चिकुरः कुन्तलो वालः कचः केशः शिरोरुहः ॥ ९५ ॥
बालके नाम६-चिकुर१कुन्तल २ वाल३कच४केश५शिरोरुह ६ ॥९५॥

तद्वृन्दे कैशिकं कैश्य-
बालोंके समूहके नाम२-कैशिक१ कैश्य २॥

-मलकाश्चूर्णकुन्तलाः ।
टेढे बालोंके नाम २-अलक १ चूर्णकुन्तल २ ॥

ते ललाटे भ्रमरकाः-
ललाटपर लटकते हुए बालोंका नाम १- भ्रमरक १ ॥

-काकपक्षः शिखण्डकः॥९६॥
जुल्फोंके नाम२- काकपक्ष १ शिखण्डक २ ॥९६॥

कवरी केशवेशौ-
मांगके नाम२-कवरी १ केश-वेश २ ॥

-ऽथ धम्मिल्लः संयताः कचाः।
बँधे हुए बालोंका नाम१ धम्मिल्ल१॥

शिखा चूडा केशपाशी=
चोटीके नाम ३-शिखा १ चूडा २ केशपाशी ३ ॥

-व्रतिनस्तु सटा जटा ॥९७॥
जटाके नाम२-सटा१ जटा२॥९७

वेणिः प्रवेणी-
तैलादि न लगानेके हेतु लटरे बाल हो जानेके नाम २-वेणि१ प्रवेणी२॥

-शीर्षण्यशिरस्यौ विशदे कचे॥
साफ बालोंके नाम२-शीर्षण्य १ शिरस्य २ ॥

पाशः पक्षश्च हस्तश्च कलापार्थाः कचात्परे ॥ ९८ ॥
केशसमूहके नाम३-केशपाश १-केशपक्ष २कुन्तलहस्त इत्यादि॥९८॥

तनूरुहं रोम लोम-
रोवेंके नाम ३-तनूरुह १ रोमन् २ लोमन् ३ ॥

-तद्वृद्धौ श्मश्रु पुंसुखे ।
डाढी मूछका नाम १-श्मश्रु १॥

आकल्पवेषौ नेपथ्यं प्रतिकर्म प्रसाधनम् ॥ ९९ ॥
अलंकारकी शोभाके नाम ५-आकल्प १ वेष २ नेपथ्य ३ प्रतिकर्मन् ४ प्रसाधन ५ ॥ ९९ ॥

दशैते त्रि-
यह आगे कहे दश शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं॥

-ष्वलंकर्त्ताऽलंकरिष्णुश्च-
अलंकार करनेवालेके नाम२-अलंकर्तृ १ अलंकरिष्णु २॥

-मण्डितः ॥

प्रसाधितोऽलङ्कृतश्च भूषितश्च परिष्कृतः ॥ १०० ॥
अलंकार युक्तके नाम५-मण्डित १ प्रसाधित २ अलंकृत ३ भूषित ४ परिष्कृत ५ ॥१००॥

विभ्राड् भ्राजिष्णुराचिष्णू-
अलंकारादिसे अतिशोभित हुएके नाम ३- विभ्राज् १ भ्राजिष्णु२-रोचिष्णु ३॥

भूषणं स्यादलंक्रिया ।
सँवारने वा सिंगारनेके नाम २ भूषण १ अलंक्रिया २॥

अलङ्कारस्त्वाभरणम् परिष्कारो विभूषणं ॥ १०१ ॥ मण्डनं चा-
गहने आदिके नाम ५- अलंकार १ आभरण २ परिष्कार ३ विभूषण ४ ॥ १०१ ॥ मण्डन ५ ॥

—ऽथ मुकुटं किरीटं पुन्नपुंसकम्।

मुकुटके नाम मुकुट १—किरीट २ दोनोंभी पुं० न० ॥

चूडामणिः शिरोरत्नं—

चोटीकी मणिके नाम २—चूडा-मणि १ शिरोरत्न २ ॥

—तरलो हारमध्यगः ॥१०२॥

जो हारके बीचमें सबसे बडा मणि होता है उसका नाम १-तरल॥१०२॥

वालपाश्या पारितथ्या—

चोटीके गहनेके नाम २--वालपाश्या १ पारितथ्या २ ॥

—पत्रपाश्या ललाटिका।

बेंदी वा टीकेके नाम २—पत्रपाश्या १ ललाटिका २ ॥

कर्णिका तालपत्रं स्यात्—

बाली वा तरकीके नाम २—कर्णिका १ तालपत्र २ ॥

—कुण्डलं कर्णवेष्टनम् ॥१०३॥

सुवर्णादिरचित बालीके नाम २—कुंडल १ कर्णवेष्टन २ ॥ १०३ ॥

ग्रैवेयकं कण्ठभूषा— ॥

कण्ठी वा कण्ठके नाम २—ग्रैवेयक १ कण्ठभूषा २ ॥

—लम्बनं स्याल्ललन्तिका।

जो सूंडीतक लम्बी कण्ठी हो उस कण्ठीकेनाम २—लंबन १ ललंतिका २॥

स्वर्णैः प्रालम्बिका—

ऐसी ही यदि सोनेकी कण्ठी हो तो उसकण्ठीका नाम १—प्रालंबिका १॥

—ऽथोरःसूत्रिका मौक्तिकैः कृता ॥ १०४ ॥

और वैसीही मोतीसे गुथी हो तो उसकानाम १—उरस्सूत्रिका १॥१०४॥

हारो मुक्तावली—

मोतीके हारके नाम २—हार १ मुक्तावली २ ॥

—देवच्छन्दोऽसौ शतयष्टिका।

जो सौ लडका हार हो उसका नाम १ देवच्छन्द १ ॥

हारभेदा यष्टिभेदा गुच्छगुच्छार्धगोस्तनाः ॥ १०५ ॥ अर्धहारो माणवक एकावल्येकयष्टिका। सैव नक्षत्रमाला स्यात्सप्तविंशतिमौक्तिकैः ॥ १०६ ॥

बत्तीस लडका हार हो उसका नाम १—गुच्छ १ ॥ जो २४ लडका हार हो उसका नाम १—गुच्छार्ध १ ॥ चार लडका हार हो उसका नाम १-गोस्तन १॥१०५॥बारह लडका हार हो उसका नाम १—अर्द्धहार ३ ॥ बीस लडका हार हो उसका नाम १—माणवक १ ॥ एक लडका हार हो उसका नाम १—एकावली १ ॥ वही

एक लड अगर सत्ताईस मोतियोंकी हो तो उसका नाम१-नक्षत्रमाला १ ॥ १०६ ॥

आवापकः पारिहार्यः कटको वलयोऽस्त्रियाम् ।

पहुँचीके नाम ४-आवापक १ पारिहार्य २ कटक ३ वलय ४ ॥

केयूरमङ्गदं तुल्ये-

बाजूबन्द आदि भुजाके गहनोंके नाम २-केयूर १ अङ्गद २ ॥

-अंगुलीयकमूर्मिका ॥ १०७ ॥

छल्ले अंगूठीके नाम२-अंगुलीयक १ऊर्मिका २ ॥ १०७ ॥

साक्षरांगुलिमुद्रा सा-

मोहरसहित अंगूठीका नाम १-अंगुलिमुद्रा १ ॥

-कंकणं करभूषणम् ।

कंकनके नाम २-कंकण १ कर-भूषण २ ॥

स्त्रीकट्यां मेखला काञ्ची सप्तकी रशना तथा ॥ १०८ ॥

क्लीवे सारसनं चा-

स्त्रीके कमरकी जंजीर अर्थात् मेखलाके नाम ५--मेखला १ काञ्ची २ सप्तकी ३ रशना ४ ॥१०८॥सारसन५

-ऽथ पुंस्कट्यां शृंखलं त्रिषु ॥

पुरुषके जंजीरका नाम १--शृंखल १ ।

पादाङ्गदं तुलाकोटिर्मञ्जीरो नूपुरोऽस्त्रियाम् ॥ १०९ ॥

पैंजण आदि स्त्रीके पांवके गहनेके नाम४--पादाङ्गद १ तुलाकोटि २-मञ्जीर ३-नूपुर ४ ॥ १०९ ॥

हंसकः पादकटकः-

कडेके नाम २--हंसक१पादकटक२ ॥

-किंकिणी क्षुद्रघण्टिका ।

घुंघुरूके नाम २--किंकिणी १क्षुद्र-घण्टिका २ ॥

त्वक्फलक्रिमिरोमाणि वस्त्र-योनि-

वृक्षोंकी छाल फल और कीडोंके रोम वस्त्रके उत्पन्न होनेके स्थान हैं॥

-दंश त्रिषु ॥ ११० ॥

यह दशों शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

वाल्कं क्षौमादि-

वृक्ष आदिकी छालसे बने हुए वस्त्रोंके नाम२-वाल्क१ क्षौम२ इत्यादि॥

-फालं तु कार्पासं बादरं च तत् ।

कपासके बने हुए वस्त्रोंके नाम३-फाल १ कार्पास २ बादर ३ ॥

कौशेयं कृमिकोशोत्थं-

रेशमीवस्त्रोंका नाम १--कौशेय १ ॥

—राङ्कवं मृगरोमजम् ॥ १११ ॥

ऊनी वस्त्रोंका नाम १—राङ्कव १ ॥ १११ ॥

अनाहतं निष्प्रवाणि तन्त्रकं च नवाम्बरम् ।

कोरे वस्त्रके नाम ४—अनाहत १ निष्प्रवाणिन् २ तन्त्रक ३ नवाम्बर ४ ॥

तत्स्यादुद्गमनीयंयद्धौतयोर्वस्त्रयोर्युगम् ॥ ११२ ॥

धुले हुए दो वस्त्रोंके जोडेका नाम १—उद्गमनीय १ ॥ ११२ ॥

पत्रोर्णं धौतकौशेयं—

धुले हुए रेशमी वस्त्रका नाम १—पत्रोर्ण १ ॥

—बहुमूल्यं महाधनम् ।

बडे मोलके वस्त्रादिका नाम १—महाधन १ ॥

क्षौमं दुकूलं स्याद्—

डुपट्टेके नाम २—क्षौम १ दुकूल २ ॥

—द्वे तु निवीतं प्रावृतं त्रिषु ११३

कपडेके छोरेके नाम २—निवीत १ प्रावृत २ ॥ ११३ ॥

स्त्रियां बहुत्वे वस्त्रस्य दशाः स्युर्वस्तयो द्वयोः ।

छीराका नाम १—दशा १ ॥

दैर्घ्यमायाम आरोहः—

कपडे आदिकी लम्बाईके नाम ३—दैर्घ्य १ आयाम २ आरोह ३ ॥

—परिणाहो विशालता ॥ ११४ ॥

कपडे आदिकी चौडाईके नाम २—परिणाह १ विशालता २ ॥ ११४ ॥

पट्टचरं जीर्णवस्त्रं—

पुराने कपडेके नाम २—पट्टचर १ जीर्णवस्त्र २ ॥

—समौ नक्तककर्पटौ ।

फटे चीथरेके नाम २—नक्तक १ कर्पट २ ॥

वस्त्रमाच्छादनं वासश्चैलं वसनमंशुकम् ॥ ११५ ॥

कपडेमात्रके नाम ६—वस्त्र १ आच्छादन २ वासस् ३ चैल ४ वसन ५ अंशुक ६ ॥ ११५ ॥

सुचेलकः पटोऽस्त्री—

अच्छे वस्त्रके नाम २—सुचेलक १ पट २ ॥

—स्याद्वराशिः स्थूलशाटकः ।

मोटे वस्त्रके नाम २—वराशि १ स्थूलशाटक २ ॥

निचोलः प्रच्छदपटः—

पालकी आदिके ढकनेके वस्त्रके नाम २—निचोल १ प्रच्छदपट २ ॥

—समौ रल्लककम्बलौ ॥ ११६ ॥

कम्बलके नाम २—रल्लक १ कम्बल २ ॥ ११६ ॥

अन्तरीयोपसंव्यानपरिधानान्यधोंशुके ।

धोतीके नाम ४—अन्तरीय १ उपसंव्यान २ परिधान ३ अधोंशुक ४ ॥

द्वौ प्रावारोत्तरासङ्गौ समौ बृहतिका तथा ॥ ११७ ॥ संव्यानमुत्तरीयं च—

अंगोछा(रुमाल आदि)के नाम—२ प्रावार १ उत्तरासंग २ बृहतिका ३ ॥ ११७ ॥ संव्यान ४ उत्तरीय ५॥

चोलः कूर्पासकोऽस्त्रियाम् ।

चोलीके नाम२-चोल१कूर्पासक२॥

नीशारः स्यात्प्रावरणे हिमानिलनिवारणे ॥ ११८ ॥

रजाईका नाम१—नीशार१॥११८

अर्धोरुकं वरस्त्रीणां स्याच्चण्डातकमस्त्रियाम् ।

लहंगेका नाम १—चण्डातक १ ॥

स्यात्त्रिष्वाप्रपदीनं तत्प्राप्नोत्याप्रपदं हि यत् ॥ ११९ ॥

लंबे लहंगेका नाम १—आप्रपदीन १ ॥ ११९ ॥

अस्त्री वितानमुल्लोचो—

चंदोएके नाम २—वितान १ उल्लोच २ ॥

—दूष्याद्यं वस्त्रवेश्मनि ।

तम्बू वा डेराका नाम १—दूष्य१॥

प्रतिसीरा जवनिका स्यात्तिरस्करिणी च सा ॥ १२० ॥

कनातके नाम ३—प्रतिसीरा १ जवनिका २ तिरस्करिणी ३ ॥ १२० ॥

परिकर्मांगसंस्कारः—

स्नानादि अंगसंस्कारके नाम २—परिकर्मन् १ अंगसंस्कार २ ॥

—स्यान्मार्ष्टिर्मार्जना मृजा ।

पौंछनेके नाम ३—मार्ष्टि १ मार्जना २ मृजा ३ ॥

उद्वर्तनोत्सादने द्वे समे—

उबटनके नाम २—उद्वर्त्तन १ उत्सादन २ ॥

—आप्लाव आप्लवः ॥ १२२॥

स्नानं—

न्हानेके नाम ३—आप्लाव १ आप्लव २ ॥ १२१ ॥ स्नान ३॥

—चर्चा तु चार्चिक्यं स्थासको-

चन्दनादिसे देहके लेपके नाम३—चर्चा १ चार्चिक्य २ स्थासक ३ ॥

—ऽथ प्रबोधनम् ।

अनुबोधः—

गन्धोमटनिके नाम २—प्रबोधन १ अनुबोध २ ॥

-पत्रलेखापत्रांगुलिरिमे समे॥१२२॥

स्त्रियोंके गाल स्तनादिपर कस्तूरी चन्दनसे की हुई चित्रकारीके नाम२—पत्रलेखा १ पत्रांगुलि २ ॥ १२२ ॥

तमालपत्रतिलकचित्रकाणि विशेषकम् । द्वितीयं च तुरीयं च न स्त्रिया–

मस्तकमें चन्दन कस्तूरी आदिसे टीका लगानेके नाम ४–तमालपत्र १ तिलक २ चित्रक ३ विशेषक ४॥

–मथ कुंकुमम् ॥ १२३ ॥

काश्मीरजन्माग्निशिखं वरं बाह्लीकपीतने । रक्तसंकोचपिशुनं धीरं लोहितचन्दनम् ॥ १२४ ॥

केशरके नाम ११–कुंकुम १ ॥ १२३ ॥ काश्मीरजन्मन् २ अग्निशिख ३ वर ४ बाह्लीक ५ पीतन ६ रक्तसंकोच ७ पिशुन ८ धीर ९ लोहित १० चन्दन ११ ॥ १२४ ॥

लाक्षा राक्षा जतु क्लीबे यावोऽलक्तो द्रुमामयः ।

महावरके नाम६–लाक्षा१ राक्षा२ जतु ३ याव ४ अलक्त ५ द्रुमामय६॥

लवङ्गं देवकुसुमं श्रीसंज्ञ–

लौंगके नाम ३–लवंग १ देवकुसुम २ श्रीसंज्ञ ३ ॥

–मथ जायकम् ॥१२५॥

कालीयकं च कालानुसार्यं चा–

पीले चन्दनके नाम३–जायक१॥ ॥१२५॥ कालीयक२कालानुसार्य ३॥

–ऽथ समार्यकम् । वंशकागुरुराजार्हलोहं कृमिजजोङ्गकम् १२६

अगरके नाम ६–वंशक १ अगुरु २ राजार्ह ३ लोह ४ कृमिज५ जोङ्गक ६ ॥ १२६ ॥

कालागुर्वगुरुः–

काले अगरके नाम २–कालागुरु १ अगुरु २ ॥

–स्यात्तन्मंगल्या मल्लिगन्धि यत् ।

अगरका भेद १–मंगल्या १ ॥

यक्षधूपः सर्जरसो रालसर्वरसावपि ॥ १२७ ॥ बहुरूपो–

रालके नाम ५–यक्षधूप १ ॥ सर्जरस२राल ३ सर्वरस ४ ॥१२७॥ बहुरूप ५ ॥

–ऽप्यथ वृकधूपकृत्रिमधूपकौ ॥

कृत्रिम धूपके नाम २-वृकधूप १ कृत्रिमधूप २ ॥

तुरुष्कः पिण्डकः सिह्लो यावनो–

लोबानके नाम ४–तुरुष्क १ पिण्डक २ सिह्ल ३ यावन ४॥

–ऽप्यथ पायसः ॥१२८॥

श्रीवासो वृकधूपोऽपि श्रविष्टसरलद्रवौ ।

देवदारु धूपके नाम ५-पायस १ ॥ १२८ ॥ श्रीवास २ वृकधूप ३ श्रीवेष्ट ४ सरलद्रव ५ ॥

मृगनाभिर्मृगमदः कस्तूरी चा-

कस्तूरीके नाम ३-मृगनाभि १ मृगमद २ कस्तूरी ३ ॥

-ऽथ कोलकम् ॥ १२९ ॥

कंकोलकं कोशफल-

कंकोलके नाम ३-कोलक १ ॥ ॥ १२९ ॥ कंकोलक २कोशफल ३॥

-मथ कर्पूरमस्त्रियाम् । घनसारश्चन्द्रसंज्ञः सिताभ्रो हिमवालुका ॥ १३० ॥

कर्पूरके नाम ५- कर्पूर १ घनसार २ चन्द्रसंज्ञ ३ सिताभ्र ४ हिमवालुका ५ ॥ १३० ॥

गन्धसारो मलयजो भद्रश्रीश्चन्दनोऽस्त्रियाम् ।

मलयागिरि चन्दनके नाम ४-गन्धसार १ मलयज २भद्रश्री ३चन्दन ४॥

तैलपर्णिकगोशीर्षे हरिचन्दनमस्त्रियाम् ॥ १३

सफेद चन्दनका नाम१-तैलपर्णिक १॥जिसमें कमलके समान गन्ध हो उस चन्दनका नाम १ गोशीर्ष १॥ कपिलवर्ण चन्दनका नाम १-हरिचन्दन १ ॥ १३१ ॥

तिलपर्णी तु पत्रांगं रञ्जनं रक्तचन्दनम् । कुचन्दनं चा-

लालचन्दनके नाम ५-तिलपर्णी १ पत्रांग २ रञ्जन ३ रक्तचन्दन ४ कुचन्दन ५ ॥

-ऽथ जातीकोशजातिफले समे ॥ १३२ ॥

जायफलके नाम २-जातीकोश १ जातीफल २ ॥ १३२ ॥

कर्पूरागरुकस्तूरीकंकोलैर्यक्षकर्दमः ।

कपूर अगर कस्तूरी और कंकोल इनको बराबर मिलानेसे जो लेपन बनता है उसका नाम १-यक्षकर्दम१॥

गात्रानुलेपनी वर्तिर्वर्णकं स्याद्विलेपनम् ॥ १३३ ॥

पिसी हुई लेपन वस्तुके नाम२-गात्रानुलेपनी १ वर्ति २ ॥

घिसी(रगडी)हुई लेपन वस्तुके नाम २-वर्णक १ विलेपन २ ॥ १३३ ॥

चूर्णानि वासयोगाः स्यु-

कपडछान करके जो गन्धवस्तु घोली जाय उसके नाम२-चूर्ण १वासयोग२॥

-र्भावितं वासितं त्रिषु ।

पुष्प इत्यादिसे बसायी हुई वस्तुके नाम २-भावित १ वासित २ ॥

संस्कारो गन्धमाल्याद्यैर्यः स्या-
त्तदधिवासनम् ॥ १३४ ॥
सुगंध पुष्पादिसे संस्कार करनेका नाम १—अधिवासन १ ॥ १३४ ॥
माल्यं मालास्रजौ मूर्ध्नि—
सिरपै धारण करने योग्य मालाके नाम ३—माल्य १ माला २ स्रज् ३॥
—केशमध्ये तु गर्भकः ।
बालोंके बीचमें धारण की हुई मालाका नाम १—गर्भक १ ॥
प्रभ्रष्टकं शिखालम्बि—
जो चोटीमें गुँधी हुई माला हो उसका नाम १—प्रभ्रष्टक १ ॥
—पुरोन्यस्तं ललामकम्॥ १३५॥
जो शिखामें लिलारतक लपेटी माला हो उसका नाम १—ललामक १॥३५॥
प्रालम्बमृजुलम्बि स्यात्कण्ठा-
कंठमें पहरी हुई मालाका नाम १—प्रालम्ब १ ॥
—द्वैकक्षिकं तु तत् । यत्तिर्यक्-
क्षिसमुरसि—
जो यज्ञोपवीतके तुल्य पहनी जाय उस मालाका नाम १—द्वैकक्षिक १ ॥
—शिखास्वापीडशेखरौ ॥ १३६ ॥
जो शिखामें पहरी जाय उस मालाके नाम २—आपीड १ शेखर २॥ १३६॥
रचना स्यात्परिस्पन्द—
माला आदिके बनानेके नाम २—रचना १ परिस्पन्द २ ॥
—आभोगः परिपूर्णता ।
सर्व सामग्रीके पूरे होनेके नाम ३—आभोग १ परिपूर्णता २ ॥
उपधानं तूपबर्हः—
तकियेके नाम २—उपधान १ उपबर्ह २॥
—शय्यायां शयनीयवत्॥ १३७॥
शयनं—
बिछौनेके नाम ३—शय्या १ शयनीय २ ॥ १३७ ॥ शयन ३ ॥
—मञ्चपर्यंकपल्यंकाः खट्वया समाः ।
पलंग वा खाटक नाम ४—मंच १ पर्यङ्क २ पल्यङ्क ३ खट्वा ४ ॥
गेन्दुकः कन्दुको—
गेंदके नाम २—गेन्दुक १ कन्दुक २॥
—दीपः प्रदीपः—
दियाके नाम १—दीप १ प्रदीप २॥
—पीठमासनम् ॥ १३८ ॥
पीढाके नाम २—पीठ १ आसन २ ॥ १३८ ॥
समुद्गकः संपुटकः—
डिब्बाके नाम २—समुद्गक १ संपुटक २ ॥

—प्रतिग्राहः पतद्ग्रहः ।

पीकदानके नाम २—प्रतिग्राह १ पतद्ग्रह २ ॥

प्रसाधनी कंकतिका—

कंघीके नाम २—प्रसाधनी १ कङ्कतिका २ ॥

—पिष्टातः पटवासकः ॥ १३९॥

बुक्काके नाम २—पिष्टात १ पटवासक २ ॥ १३९ ॥

दर्पणे मुकुरादर्शौ—

दर्पण (सीसे) के नाम ३—दर्पण १ मुकुर २ आदर्श ३ ॥

—व्यजनं तालवृन्तकम् ।

पंखेके नाम२—व्यजन१ तालवृन्तक २ ॥

इति मनुष्यवर्गः ॥ ६ ॥

अथ ब्रह्मवर्गः ७.

संततिर्गोत्रजननकुलान्यभिजनान्वयौ । वंशोऽन्ववायः सन्तानो-

वंशके नाम ९—सन्तति १ गोत्र जनन ३ कुल ४ अभिजन ५ अन्वय २ ६ वंश ७ अन्ववाय ८ सन्तान ९ ॥

—वर्णाः स्युर्ब्राह्मणादयः ॥ १ ॥

ब्राह्मण आदिका नाम १—वर्ण१॥ १

विप्रक्षत्रियविट्छूद्राश्चातुर्वर्ण्यमिति स्मृतम् ।

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र इन चारोंका इकट्ठा नाम १—चातुर्वर्ण्य१॥

राजबीजी राजवंश्यो—

राजाके वंशवालोंके नाम २—राजबीजिन् १ राजवंश्य २ ॥

—बीज्यस्तु कुलसंभवः ॥ २ ॥

कुलीनके नाम २—बीज्य १ कुलसंभव २ ॥ २ ॥

महाकुलकुलीनार्यसभ्यसज्जनसाधवः ।

सज्जनक नाम ६—महाकुल१कुलीन २ आर्य्य ३ सभ्य४सज्जन ५साधु ६ ॥

ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थो भिक्षुश्चतुष्टये ॥ ३ ॥ आश्रमोऽस्त्री—

ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थ यति इन चारोंका इकट्ठा नाम १—॥ ३॥आश्रम १॥

—द्विजात्यग्रजन्मभूदेववाडवाः । विप्रश्च ब्राह्मणो-

ब्राह्मणके नाम ६—द्विजाति १ अग्रजन्मन्२ भूदेव ३वाडव ४विप्र ५ ब्राह्मण ६ ॥

—ऽसौ षट्कर्मा यागादिभिर्वृतः ॥ ४ ॥

इज्या,अध्ययन,दान,याजन,अध्यापन, प्रतिग्रह इन षट् कर्मोंकरके युक्त विप्रका नाम १—षट्कर्मन् १ ॥४॥

विद्वान्विपश्चिद्दोषज्ञः सन्सुधीः कोविदो बुधः । धीरो मनीषी ज्ञः प्राज्ञः संख्यावान्पण्डितः कविः ॥ ५ ॥ धीमान्सूरिः कृती कृष्टिर्लब्धवर्णो विचक्षणः । दूरदर्शी दीर्घदर्शी–

पण्डितके नाम २२–विद्वस् १ विपश्चित् २ दोषज्ञ३ सत् ४ सुधी५ कोविद ६ बुध७ धीर ८ मनीषिन् ९ ज्ञ१० प्राज्ञ११संख्यावत्१२पंडित१३ कवि १४॥ ५ ॥धीमत् १५सूरी १६ कृतिन् १७कृष्टि१८लब्धवर्ण१९विचक्षण२०दूरदर्शिन्२१दीर्घदर्शिन्२२॥

–श्रोत्रियच्छान्दसौ समौ॥ ६॥

वेदपाठीके नाम २–श्रोत्रिय १ छान्दस २ ॥ ६ ॥

उपाध्यायोऽध्यापको–

जो पढता हो उस पंडितके नाम २– उपाध्याय १ अध्यापक २ ॥

–ऽथ स्यान्निषेकादिकृद् गुरुः ।

गर्भाधानादि कर्म करानेवालेका नाम १–गुरु१ ॥

मन्त्रव्याख्याकृदाचार्य–

मन्त्रकी व्याख्या करनेवालेका नाम १– आचार्य १ ॥

–आदेष्टा त्वध्वरे–

यज्ञमें सब ऋत्विजोंमें सिखानेवाले का नाम १ आदेष्टृ १ ॥

– व्रत ।॥ ७ ॥

यष्टाच यजमानश्च–

यजमानके नाम ३– व्रतिन् १ ॥ ७ ॥ यष्टृ २ यजमान ३ ॥

–स सोमवति दीक्षितः ।

सोमयज्ञके यजमानका नाम १ । दीक्षित १ ॥

इज्याशीलो यायजूको–

वारंवार यज्ञ करनेवालेके नाम२– इज्याशील १ यायजूक २ ॥

–यज्वा तु विधिनेष्टवान् ॥ ८ ॥

जो विधिसे यज्ञ करे उसका नाम १–यज्वन् १ ॥ ८ ॥

स गीष्पतीष्ट्या स्थपतिः–

बृहस्पति यज्ञ करनेवालेका नाम१ स्थपति १ ॥

सोमपीथी तु सोमपाः ।

सोमवल्लीका रस पीनेवालेके नाम २– सोमपीथिन् १ सोमपा२ ॥

सर्ववेदाः स येनेष्टो यागः सर्वस्वदक्षिणः ॥ ९ ॥

जो यज्ञमें अपना सब धन देडाले उसका नाम १– सर्ववेदस् १॥ ९ ॥

अनूचानः प्रवचने साङ्गेऽधीती–

सांगोपांग वेद पढनेवालेका नाम १- अनूचान १ ॥

-गुरोस्तु यः । लब्धानुज्ञः समावृत्तः-

वही अनूचान गुरुकी गृहस्थाश्रमादिमें प्राप्त होनेकी आज्ञा पावे तो उसका नाम १-समावृत्त १ ॥

-सुत्वा त्वभिषवे कृते ॥ १० ॥

अभिषव स्नान करै उसका नाम १-सुत्वन् १ ॥ १० ॥

छात्रान्तेवासिनौ शिष्य-

विद्यार्थीके नाम ३-छात्र १ अन्तेवासिन् २ शिष्य ३ ॥

-शैक्षाः प्राथमकल्पिकाः ।

छोटे (नये) विद्यार्थीके नाम २ शैक्ष १ प्राथमकल्पिक २ ॥

एकब्रह्मव्रताचारा मिथः सब्रह्मचारिणः ॥ ११ ॥

सहपाठी अर्थात एक साथ एकही वस्तु पढनेवालेका नाम १- सब्रह्मचारिन् १ ॥ ११ ॥

सतीर्थ्यास्त्वेकगुरव-

जितने एक गुरुसे पढते हों उनका नाम १-सतीर्थ्य १ ॥

-श्रितवानग्निमग्निचित् ।

जो अग्निको बटोरता है उसका नाम १ अग्निचित् १ ॥

पारम्पर्योपदेशे स्यादैतिह्यमितिहाव्ययम् ॥ १२ ॥

परम्परा उपदेशके नाम २-ऐतिह्य १ इतिहा २ ॥ १२ ॥

उपज्ञा ज्ञानमाद्यं स्या-

प्रथम ज्ञानका नाम १-उपज्ञा १ ॥

-ज्ञात्वारम्भ उपक्रमः ।

समझके ग्रन्थके प्रारम्भ करनेका नाम १ उपक्रम १ ॥

यज्ञः सवोऽध्वरो यागः सप्ततन्तुर्मखः क्रतुः ॥ १३ ॥

यज्ञके नाम ७- यज्ञ १ सव २ अध्वर ३ याग ४ सप्ततन्तु ५ मख ६ क्रतु ७ ॥ १३ ॥

पाठो होमश्चातिथीनां सपर्या तर्पण बलिः । एते पञ्च महायज्ञा ब्रह्मयज्ञादिनामकाः ॥ १४ ॥

महायज्ञके नाम ५- पाठ १ होम २ अतिथिपूजा ३ तर्पण ४ बलि ५ ॥ १४ ॥

समज्या पारिषद्गोष्ठी सभासमितिसंसदः । आस्थानी क्लीबमास्थानं स्त्रीनपुंसकयोः सदः ॥ १५ ॥

सभाके नाम ९-समज्या १ परिषद् २ गोष्ठी ३ सभा ४ समिति ५ संसद् ६ आस्थानी ७ आस्थान ८ सदस् ९ ॥ १५ ॥

प्राग्वंशः प्राग्घविर्गेहात्–
सदस्योंके गृहकानाम १–प्राग्वंश १॥
–सदस्या विधिदर्शिनः ।
सभामें विचार करनेवालोंका नाम १–सदस्य १ ॥
सभासदः सभास्ताराः सभ्याः सामाजिकाश्च ते ॥ १६ ॥
सभामें बैठनेवालोंके नाम ४–सभासद १ सभास्तार २ सभ्य ३ सामाजिक ४ ॥ १६ ॥
अध्वर्यूद्गातृहोतारो यजुःसामर्ग्वेदः क्रमात् ।
यजुर्वेद जाननेवालेका नाम १–अध्वर्यु १॥सामवेदीका नाम १–उद्गातृ १ ॥ ऋग्वेदीका नाम १–होतृ १ ॥
आग्नीध्राद्या धनैर्वार्या ऋत्विजो याजकाश्च ते ॥ १७ ॥
जिनको धन आदि देकर यज्ञमें वरण किया जाय उस आग्नीध्र आदि सोलहके नाम २-ऋत्विज् १ याजक २॥ १७॥
वेदिः परिष्कृता भूमिः–
बेदीका नाम १–वेदि १ ॥
–समे स्थण्डिलचत्वरे ।
यज्ञार्थ चबूतराके नाम २–स्थण्डिल १ चत्वर २ ॥
चषालो यूपकटकः–
खम्भाके ऊपर जो कंकणाकार काष्ठका रहता है उसके नाम २–चषाल १ यूपकटक २ ॥
–कुम्बा सुगहना वृतिः ॥ १८॥
यज्ञोंको अन्यजाति न देखेनेके निमित्त जो ठट्टी आदि लगायी जाती है उसका नाम १–कुम्बा १ ॥ १८ ॥
यूपाग्रं तर्म–
यज्ञस्तम्भके आगेके नाम २–यूपाग्र १ तर्मन् २ ॥
–निर्मन्थ्यदारुणि त्वरणिर्द्वयोः ॥
जिस लकडीको मथके अग्नि निकालते हैं उसका नाम १–अरणि १ ॥
दक्षिणाग्निर्गार्हपत्याहवनीयौ त्रयोऽग्नयः ॥ १९ ॥
यज्ञकी अग्निके नाम ३–दक्षिणाग्नि १ गार्हपत्य २ आहवनीय ३ ॥ १९॥
अग्नित्रयमिदं त्रेता–
इन तीनों अग्नियोंका नाम १–त्रेता १॥
–प्रणीतः संस्कृतोऽनलः ।
संस्कारित अग्निका नाम १–प्रणीत १ ॥
समूह्यः परिचाय्योपचाय्यावग्नौ प्रयोगिणः ॥ २० ॥
यज्ञाग्निके नाम ३–समूह्य १ परिचाय्य २ उपचाय्य ३ ॥ २० ॥
यो गार्हपत्यादानीय दक्षिणाग्निः प्रणीयते ।

तस्मिन्नानाय्यो-

गार्हपत्याग्निसे लेकर जो दक्षिणाग्नि प्रवेश कराया जावे उसका नाम १-आनाय्य १ ॥

-ऽथाग्नायी स्वाहा च हुतभुक्प्रिया॥ २१ ॥

स्वाहा अर्थात् अग्निकी स्त्रीके नाम ३-अग्नायी १ स्वाहा २ हुतभुक्प्रिया ३ ॥ २१ ॥

ऋक्सामिधेनी धाय्या च या स्यादग्निसमिन्धने ।

अग्नि बालनेके अर्थ जो ऋचा पढी जाय उसके नाम २-सामिधेनी १ धाय्या २ ॥

गायत्रीप्रमुखं छन्दो-

गायत्री, उष्णिह, अनुष्टुभ् इत्यादिका नाम १-छन्दस् १ ॥

-हव्यपाके चरुः पुमान्॥२२॥

अग्निमें छोडनेयोग्यसाकल्यका नाम १-चरु १ ॥ २२ ॥

आमिक्षा सा शृतोष्णे या क्षीरे स्याद्दधियोगतः ।

गरम पके दूधमें दही डालनेसे जो बनता है उसका नाम १-आमिक्षा १॥

धवित्रं व्यजनं तद्यद्रचितं मृगचर्मणा ॥ २३ ॥

मृगचर्मसे बने हुए बीजनाका नाम १-धवित्र १ ॥ २३ ॥

पृषदाज्यं सदध्याज्ये-

दही घी मिलेहुएका नाम १-पृषदाज्य १ ॥

-परमान्नं तु पायसम् ।

खीरके नाम २-परमान्न १ पायस २।

हव्यकव्ये दैवपित्र्ये अन्ने-

देवताके अर्थकी खीरका नाम १-हव्य १ ॥ पितरोंकी खीरका नाम १-कव्य १ ॥

पात्रं स्रुवादिकम् ॥ २४ ॥

स्रुवा आदिका नाम १-पात्र १॥२४॥

ध्रुवोपभृज्जुहूर्ना तु स्रुवो भेदाः स्रुचः स्त्रियः ।

स्रुवाके भेद ५-ध्रुवा १ उपभृत् २ जुहू ३ स्रुव ४ स्रुच् ५ ॥

उपाकृतः पशुरसौ योऽभिमन्त्र्य क्रतौ हतः ॥ २५ ॥

यज्ञके पशुका नाम १-उपाकृत ॥

परम्पराकं शमनं प्रोक्षणं च वधार्थकम् ।

यज्ञके अर्थ पशु मारनेके नाम ३-परम्पराक १ शमन २ प्रोक्षण ३ ॥

वाच्यलिङ्गाः प्रमीतोपसंपन्नप्रोक्षिता हते ॥ २६ ॥

यज्ञमें मारे हुए पशुके नाम ३-प्रमीत १ उपसम्पन्न २ प्रोक्षित ३॥२६॥

सान्नाय्यं हवि-

साकम्यके नाम २—सान्नाय्य १ हविष् २ ॥

—रग्नौ तु हुतं त्रिषु वषट्कृतम् ।

अग्निमें जो हुना जावे उसका नाम १—वषट्कृत १ ॥

दीक्षान्तोऽवभृथो यज्ञ—

यज्ञान्तस्नानका नाम १-अवभृथ १॥

—स्तत्कर्मार्हं तु यज्ञियम् । ॥ २७ ॥ त्रि—

यज्ञयोग्यवस्तुका नाम १—यज्ञिय १ ॥ २७ ॥

—ष्वथ क्रतुकमष्टं—

यज्ञमें कर्मका नाम १—इष्ट १ ॥

—पूर्तं खातादि कर्म यत् ।

बावडी तालाब आदि खुदानेका नाम १—पूर्त १ ॥

अमृतं विघसो यज्ञशेषभोजनशेषयोः ॥ २८ ॥

यज्ञसे बची हुई जाउरि आदिका नाम १—अमृत १ । और भोजनसे बची हुई वस्तुका नाम १—विघस १॥२८॥

त्यागो विहापितं दानमुत्सर्जनविसर्जने । विश्राणनं वितरणं स्पर्शनं प्रतिपादनम् ॥ २९ ॥ प्रादेशनं निर्वपणमपवर्जनमंहतिः ।

दानके नाम १३—त्याग १ विहापित२ दान३ उत्सर्जन४ विसर्जन५ विश्राणन ६ वितरण७ स्पर्शन८ प्रतिपादन ९॥२९॥ प्रादेशन १० निर्वपण ११ अपवर्जन१२ अंहति १३॥

मृतार्थं तदहे दानं त्रिषु स्यादौर्ध्वदेहिकम् ॥ ३० ॥

मृतकके अर्थ जो दश दिनके बीचमें पिंडादि दिये जाते हैं उनका नाम१—और्ध्वदेहिक १ ॥ ३० ॥

पितृदानं निवापः स्या—

पितरोंके देनेके निमित्त जो दान दिया जावे उसके नाम २—पितृदान१ निवाप २ ॥

—च्छ्राद्धं तत्कर्म शास्त्रतः ।

पितराक देनेके निमित्तके कर्मका नाम १—श्राद्ध १ ॥

अन्वाहार्यं मासिकं—

अमावास्याके श्राद्धके नाम२—अन्वाहार्य १ मासिक २॥

—ऽशोऽष्टमोऽह्नः कुतपोऽस्त्रियाम् ॥ ३१ ॥

दिनके आठवें हिस्सेका नाम १—कुतप १ ॥ ३१ ॥

पर्येषणा परीष्टिश्चाऽन्वेषणा च गवेषणा ।

श्राद्धमें ब्राह्मणकी भक्ति और सेवा

करनेके नाम २-पर्येषणा १ परीष्टि २ ॥ धर्म आदिके खोजनेके नाम २-अन्वेषणा १ गवेषणा २ ॥ अथवा ४ नाम धर्म आदिके खोजने के ही जानने ॥

सनिस्त्वध्येषणा-

विनतीके नाम २-सनि १ अध्येषणा २

-याच्ञाऽभिशस्तिर्याचनार्थना ॥ ३२ ॥

मांगनेके नाम ४-याच्ञा १ अभिशस्ति २ याचना ३ अर्थना ४ ॥ ३२ ॥

-षट् तु त्रि-

यह छः शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

-ष्वर्घ्यमर्घार्थे पाद्यं पादाय वारिणि।

पूजार्थ पानी छोडनेका नाम १-अर्घ्य १ ॥ पांव धोनेको छोडने योग्य पानीका नाम १-पाद्य १ ॥

क्रमादातिथ्यातिथेये अतिथ्यर्थेऽत्र साधुनि ॥ ३३ ॥

अतिथिके अर्थ जो कर्म उसका नाम १-आतिथ्य १ ॥ अतिथिके निमित्त जो सिद्ध हो वह १-आतिथेय १ ॥ ३३ ॥

स्युरावेशिक आगन्तुरतिथिर्नागृहागते।

महिमानक नाम ४-आवेशिक १ आगन्तु २ अतिथि ३ गृहागत ४ ॥

पूजा नमस्याऽपचितिः सपर्यार्चार्हणाः समाः ॥ ३४ ॥

पूजाके नाम ६-पूजा १ नमस्या २ अपचिति ३ सपर्या ४ अर्चा ५ अर्हणा ६ ॥ ३४ ॥

वरिवस्या तु शुश्रूषा परिचर्याप्युपासना।

उपासनाके नाम ४-वरिवस्या १ शुश्रूषा २ परिचर्या ३ उपासना ४ ॥

व्रज्याऽटाट्या पर्यटनं-

विदेशमें भ्रमण करनेके नाम ३-व्रज्या १ अटाट्या २ पर्यटन ३ ॥

-चर्या त्वीर्यापथे स्थितिः ॥ ३५ ॥

योगमार्गमें स्थितिका नाम १-चर्या १ ॥ ३५ ॥

उपस्पर्शस्त्वाचमन-

आचमनके नाम २-उपस्पर्श १ आचमन २ ॥

-मथ मौनमभाषणम्।

चुप रहनेके नाम २-मौन १ अभाषण २ ॥

आनुपूर्वी स्त्रियां वाऽऽवृत्परिपाटी अनुक्रमः ॥ ३६ ॥ पर्यायश्चा-

अनुक्रमके नाम ५-आनुपूर्वी १ आवृत् २ परिपाटी ३ अनुक्रम ४ ॥ ३६ ॥ पर्य्याय ५ ॥

—ऽतिपातस्तु स्यात्पर्यय उपात्ययः ।

अतिक्रमके नाम ३—अतिपात २ पर्य्यय २ उपात्यय ३ ॥

नियमो व्रतमस्त्री—

व्रतके नाम २—नियम २ व्रत २ ॥

—तच्चोपवासादि पुण्यकम् ॥ ३७ ॥

चान्द्रायणादि व्रतका नाम १—पुण्यक १ ॥ ३७ ॥

औपवस्तं तूपवासो—

उपवासके नाम २—औपवस्त १ उपवास २ ॥

—विवेकः पृथगात्मता ।

प्रकृतिपुरुषके भेद जाननेके विचारके नाम २—विवेक १ पृथगात्मता २ ॥

स्याद्ब्रह्मवर्चसं वृत्ताध्ययनार्द्धि—

सदाचारपालन और वेदाभ्यास करनेसे जो तेज होता है उसका नाम १—ब्रह्मवर्चस १ ॥

—रथाञ्जलिः ॥ ३८ ॥ पाठे ब्रह्माञ्जलः—

वेदपढनेके समयकी अंजलिका नाम १—ब्रह्माञ्जलि १ ॥ ३८ ॥

—पाठे विप्रुषो ब्रह्मबिन्दवः ॥

वेद पढनेके समय जो मुखसे जल चूता है उसका नाम १—ब्रह्मबिंदु १ ॥

ध्यानयोगासने ब्रह्मासनं—

ध्यान और योगके आसनका नाम १—ब्रह्मासन १ ॥

—कल्पे विधिक्रमौ ॥ ३९ ॥

नियोगशास्त्रके नाम ३—कल्प १ विधि २ क्रम ३ ॥ ३९ ॥

मुख्यः स्यात्प्रथमः कल्पो—

प्रथम विधिका नाम १—मुख्य १ ॥

—ऽनुकल्पस्तु ततोऽधमः ।

द्वितीय विधिका नाम १—अनुकल्प १ ॥

संस्कारपूर्वं ग्रहणं स्यादुपाकरणं श्रुतेः ॥ ४० ॥

संस्कारपूर्वक वेदके सुननेका नाम १—उपाकरण १ ॥ ४० ॥

समे तु पादग्रहणमभिवादनमित्युभे ।

नामगोत्रादि पूर्वक प्रणाम करनेके नाम ३—पादग्रहण १ अभिवादन २ ॥

भिक्षुः परिव्राट् कर्मन्दी पाराशर्यपि मस्करी ॥ ४१ ॥

संन्यासीके नाम ५—भिक्षु १ परिव्राज् २ कर्मन्दिन् ३ पाराशरिन् ४ मस्करिन् ५ ॥ ४१ ॥

तपस्वी पापसः पारिकांक्षी—

तपस्वीके नाम ३—तपस्विन् १ तापस २ पारिकांक्षिन् ३ ॥

—वाचंयमो मुनिः।

मुनिके नाम २—वाचंयम १ मुनि२॥

तपःक्लेशसहो दान्तो—

तपस्याके क्लेशके सहनेवालेका नाम १—दान्त १ ॥

वर्णिनो ब्रह्मचारिणः ॥ ४२ ॥

ब्रह्मचारीके नाम२—वर्णिन् १ ब्रह्मचारिन् २ ॥ ४२ ॥

ऋषयः सत्यवचसः—

ऋषिके नाम २—ऋषि १ सत्यवचस् २ ॥

स्नातकस्त्वाप्लुतो व्रती।

जो वेदव्रत धारण किये हुए गुरुकी आज्ञासे स्नान करै उसका नाम १—स्नातक १ ॥

ये निर्जितेन्द्रियग्रामा यतिनो यतयश्च ते ॥ ४३ ॥

जितेंद्रियके नाम २—यतिन् १ ॥ यति २ ॥ ४३ ॥

यः स्थण्डिले व्रतवशाच्छेते स्थण्डिलशाय्यसौ। स्थाण्डिलश्चा—

जो व्रतवश हो पृथ्वीपर चबूतरा बना उसपर सोवे उसके नाम२—स्थण्डिलशायिन् १ स्थांडिल २ ॥

—ऽथ विरजस्तमसः स्युर्द्वयातिगाः ॥ ४४ ॥

रजोगुण तमोगुण रहित व्यासादि मुनिके नाम २—विरजस्तमस्१ द्वयातिग २ ॥ ४४ ॥

पवित्रः प्रयतःपूतः—

पवित्रके नाम ३—पवित्र १ प्रयत २ पूत ३ ॥

—पाखण्डाः सर्वलिङ्गिनः।

बौद्धक्षपणकादि दुष्ट शास्त्रवार्तियोंके नाम २—पाखण्ड १ सर्वलिंगिन्२॥

पालाशो दण्ड आषाढो व्रते—

ब्रह्मचर्यमें पलाशके दण्डका नाम १—आषाढ१ ॥

—राम्भस्तु वैणवः ॥ ४५ ॥

यदि वह दण्ड बांसका हो तो उसका नाम १—राम्भ १ वैणव ॥४५॥

अस्त्री कमण्डलुः कुण्डी—

व्रतियोंके लोटेके नाम २—कमण्डलु १ कुण्डी २ ॥

—व्रतिनामासनं बृसी।

और उनके आसनका नाम १—बृसी १ ॥

अजिनं चर्म कृत्तिः स्त्री—

मृगादिके चमके नाम३—अजिन १ चर्मन् २ कृत्ति ३ ॥

—भैक्षं भिक्षाकदम्बकम् ॥४६॥

भिक्षाके ढेरका नाम१—भैक्ष१॥४६

स्वाध्यायः स्याज्जपः-

वेदके अभ्यासके नाम२-स्वाध्याय १ जप २ ॥

-सुत्याऽभिषवः सवनं च सा ।

यज्ञौषधिके कूटनेके नाम३-सुत्या १ अभिषव २ सवन ३ ॥

सर्वेनसामपध्वंसि जप्यं त्रिष्वघमर्षणम् ॥ ४७ ॥

सब पापके नाश करनेवाले मंत्रका नाम १-अघमर्षण १ ॥ ४७ ॥

दर्शश्च पौर्णमासश्च यागौ पक्षान्तयोः पृथक् ।

अमावासके दिनके यज्ञका नाम१-दर्श१ ॥पौर्णमासीके दिनके यज्ञका नाम १-पौर्णमास १ ॥

शरीरसाधनापेक्षं नित्यं यत्कर्म तद्यमः ॥ ४८ ॥

अहिंसा सत्य चोरी न करना ब्रह्मचर्य्य अपरिग्रह (दान न लेना) इन नित्यकर्मका नाम १-यम १ ॥४८॥

नियमस्तु स यत्कर्म नित्यमागन्तुसाधनम् ।

शौच सन्तोष तप स्वाध्याय ईश्वरप्रणिधान इन आगन्तु कर्म साधनका नाम १-नियम १ ॥

उपवीतं ब्रह्मसूत्रं प्रोद्धृते दक्षिणे करे ॥ ४९ ॥

बांये कांधके जनेऊके नाम२-उपवीत १ ब्रह्मसूत्र २ ॥४९ ॥

प्राचीनावीतमन्यास्मन्-

दहने कांधेपर रहेनेवाले जनेऊका नाम १-प्राचीनावीत १ ॥

-निवीतं कण्ठलम्बितम् ।

मालाकार यज्ञोपवीत पहिरनेका नाम १-निवीत १ ॥

अंगुल्यग्रे तीर्थं दैवं-

अंगुलियाका अग्रभाग देवताओंका तीर्थ कहात है ॥

स्वल्पांगुल्यामूले कायम् ॥५०॥

कन अंगुलियोंके मूलका नाम प्रजापति तीर्थ है ॥ ५० ॥

मध्येऽङ्गुष्ठांगुल्योः पित्र्यं-

अंगुष्ठ और तर्जनी अंगुलीके मध्यमें पितृतीर्थ कहाता है ॥

-मूले त्वंगुष्ठस्य ब्राह्मम् ।

अंगुष्ठके मूलमें ब्राह्मतीर्थ कहाता है ॥

स्यादब्रह्मभूयं ब्रह्मत्वं ब्रह्मसायुज्यमित्यपि ॥ ५१ ॥

ब्रह्ममें मिल जानेके नाम ३-ब्रह्मभूय १ ब्रह्मत्व २ ब्रह्मसायुज्य ३॥५१॥

देवभूयादिकं तद्वत्-

देवमें मिल जानेके नाम ३-देवभूय १ देवत्व २ देवसायुज्य ३ ॥

—कृच्छ्रं सान्तपनादिकम् ।

गोमूत्र गोबर दूध दही घी कुशोदक इनका भक्षण करने और एकरात्रिके उपवासका नाम १—कृच्छ १ ॥

संन्यासवत्यनशने पुमान्प्रायो-

संन्यासपूर्वक भोजनत्यागका नाम १—प्राय १ ॥

—ऽथ वीरहा ॥ ५२ ॥ नष्टाग्निः—

जिस तपस्वीकी अग्नि बुझ गई हो उस तपस्विके नाम २—वीरहन् १ ॥ ५२ ॥ नष्टाग्नि २॥

—कुहना लोभान्मिथ्येर्यापथकल्पना ।

दम्भसे ध्यानादि करनेका नाम १—कुहना १ ॥

व्रात्यः संस्कारहीनः स्या—

